हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 200, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 19 जनवरी, 2024 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े 15 करोड़ लोग

### पीएम मोदी के संबोधन को लाभार्थियों के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने सुना




लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया। वह लाइव संवाद के माध्यम से यूपी में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी जुड़े। पीएम मोदी के संबोधन को लाभार्थियों के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने भी सुना। इस मौके पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक लखनऊ में मोदी के लाइव प्रसारण से लाभार्थियों के साथ शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के 2 महीने पूरे हो चुके हैं। इस यात्रा में चलने वाला विकास रथ विश्वास रथ है, अब उसे लोग गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। ये विश्वास है कि कोई भी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। इसलिए जिन गांवो में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अभी नहीं पहुंची है, वहां अब इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। इसलिए पहले ये यात्रा हमने 26 जनवरी तक सोचा था, लेकिन यात्रा को इतना समर्थन मिला है इसलिए हम इसे आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने सबसे पहले 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा का आशीर्वाद लेकर यह यात्रा शुरू की थी। सिर्फ 2 महीने के अंदर यह यात्रा एक जन आंदोलन बन गई है। इस यात्रा से अब तक 15 करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा 'लास्ट माइल डिलीवरी' का सबसे अच्छा उदाहरण है।

केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजना को देशभर तक पहुंचाने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा दो महीने में ही जनभागीदारी का प्रतीक बन गई। अब तक इस यात्रा से 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। लोगों की यह विशाल भागीदारी एक उन्नतिशील और समावेशी भारत की दिशा में संगठित मार्ग बनाने के लिए यात्रा का उद्देश्य बयां करती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य पूरे देश में सरकारी योजनाओं की 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों में अभियान शुरू होने के बाद लोगों की भागीदारी संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। चौथे सप्ताह के अंत में 13 दिसंबर 2023 को यात्रा 2.06 करोड़ लोगों तक पहुंची थी, वहीं पांचवें सप्ताह के अंत में 22 दिसंबर को यह संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई। अगले चार हफ्तों में, यात्रा में 10 करोड़ लोग शामिल हुए जिससे इसने 15 करोड़ प्रतिभागियों का आंकड़ा पार कर लिया। 17 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा डैशबोर्ड में 15.34 करोड़ प्रतिभागियों ने 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और 9,541 शहरी स्थानों को कवर किया।

**स्वास्थ्य शिविरों में 4 करोड़ से अधिक लोगों की जांच**- 17 जनवरी 2024 तक स्वास्थ्य शिविरों में 4 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है। माय भारत पर 38 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हैं। सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए दो करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं। यात्रा ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को कवर किया है। 11 करोड़ से अधिक लोगों ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है।

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री ने जारी किए अयोध्या राम मंदिर पर बने डाक टिकट

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किए। पीएम ने इसी के साथ दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की। इस डाक टिकट पर अलग-अलग डिजाइन भी बने हैं। डिजाइन में राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर और ऐसी ही कई मूर्तियां शामिल हैं। पीएम द्वारा जारी डाक टिकट में कुल 6 टिकटें हैं जिनमें राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी की तस्वीर शामिल हैं। इस डाक टिकट में सूर्य की किरणों और चौपाई की सोने की पत्ती लघु शीट को एक राजसी प्रतीक बनाती है। पांच भौतिक तत्व यानी आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी और जल, जिन्हें 'पंचभूत' के रूप में जाना जाता है, विभिन्न डिजाइन के माध्यम से उसे दशार्या गया है। इसी के साथ भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की गई जो विभिन्न समाजों पर भगवान राम की अंतर्राष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित करती है। 48 पन्नों की इस पुस्तक में अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, कंबोडिया और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों सहित 20 से अधिक देशों द्वारा जारी किए गए डाक टिकट शामिल हैं।

## यूपी कैबिनेट का किसानों को तोहफा, गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी को दी मंजूरी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने गन्ना किसानों को तोहफा दिया है। कैबिनेट ने गन्ना मूल्य में 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इसके तहत गन्ने की तीनों ही किस्मों में 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इसके पहले, गन्ना मूल्य को लेकर प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 2021 में भी 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की थी। वर्तमान में सामान्य गन्ने का मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल और अगेती प्रजापति के गन्ने का मूल्य 350 रुपये प्रति क्विंटल है। कैबिनेट बैठक में पेराई सत्र 2023-24 के लिए सहकारी क्षेत्र, निगम और निजी क्षेत्र सहित सभी चीनी मिलों की ओर से खरीदे जाने वाले गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य एसएपी निर्धारण होगा। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

**इन प्रस्तावों को भी दी गई सहमति**

- योगी कैबिनेट ने सेमी कंडक्टर नीति को भी मंजूरी दे दी है।
- चौरी-चौरा के नाम पर होगा मुंडेरा नगर पंचायत का नाम
- उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन को राज्य एवं स्थानीय कर, संपत्ति कर, गृहकर, सर्विस चार्ज, जलकर, विज्ञापन कर और पार्किंग शुल्क में छूट की मंजूरी दे दी गई है।
- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के अनुसार, कैबिनेट ने तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी मंजूरी दी है।

**उमेश पाल हत्याकांड में जांच रिपोर्ट कैबिनेट में रखी गई**- प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के एनकाउंटर और अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले की न्यायिक जांच रिपोर्ट भी कैबिनेट में रखी गई। मालूम रहे कि उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के एनकाउंटर की जांच के लिए राज्य सरकार ने बीते वर्ष 15 अप्रैल को न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था। आयोग ने अतीक के बेटे असद, शूटर मोहम्मद गुलाम, अरबाज और विजय चौधरी उर्फ उस्मान के एनकाउंटर की जांच की थी। दूसरी ओर, अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज के जिला अस्पताल परिसर में हुई हत्या के मामले की जांच भी न्यायिक आयोग से कराई गई थी। सूत्रों के मुताबिक दोनों न्यायिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है, जिसे बृहस्पतिवार को कैबिनेट में पेश किया गया।

## हैवानियत की हद पार, मां-बेटी की गला रेतकर बेरहमी से हत्या

### शव के साथ हुई बर्बरता, शव देखकर कांप गए देखने वाले



प्रखर कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले से सटे बिहार के बगहा नगर के वार्ड नंबर-तीन के बगीचा टोला में घर के अंदर मां और बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी गई।शव को एसिड से जला देने का मामला सामने आने पर सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।बगहा एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छानबीन शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि बगहा नगर स्थित शोभा तिवारी के घर का दरवाजा बुधवार को बाहर से बंद था। अंदर से दरवाजे के रास्ते खून बाहर निकल रहा था। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जब दरवाजा खोलकर घर के अंदर पहुंची तो दृश्य देखकर दंग रह गई। घर के अंदर 50 वर्षीय शोभा तिवारी और उनकी बेटी 22 वर्षीय खुशबू की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी और दोनों के शव पर एसिड डाल दिया गया था। बताया जा रहा है कि शोभा तिवारी अपनी बेटी खुशबू के साथ रहती थी।पति साथ में नहीं रहता है। बेटा पटना में रहकर पढ़ाई करता है। आशंका जताई जा रही है कि हत्यारों ने रात में घटना को अंजाम दिया और बाहर से दरवाजा बंदकर फरार हो गए। पटना से बेटे ने सुबह लगभग दस बजे घर पर फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।उसके बाद पड़ोसियों को फोन कर घर पर पता लगाने को कहा और जब लोग पहुंचे तो दरवाजे से बाहर खून निकलता देख पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही पुलिस के खोजी कुत्ते और मोबाइल सीडीआर के जरिए घटना के तह तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। मुजफ्फरपुर से एफएसएल टीम भी बुलाई गई है। बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जाधव ने बताया कि मां-बेटी की हत्या घर के अंदर की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कुछ सुराग मिले हैं। उस आधार पर छानबीन आगे बढ़ रही है। शीघ्र ही घटना का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

### बिलकिस बानो केस में तीन दोषियों ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, सरेंडर के लिए मांगा वक्त

नई दिल्ली। बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों में से तीन ने जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए समय बढ़ाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दोषियों के वकील द्वारा तत्काल सुनवाई के लिए उनकी याचिका का उल्लेख करने के बाद सुप्रीम कोर्ट याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को फैसला देते हुए बिलकिस बानो दुष्कर्म और उसके परिजनों की हत्या के मामले में समय से पहले बरी किए गए 11 दोषियों को दी गई रिहाई को रद्द करते हुए उन्हें दो हफ्ते में जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए आदेश जारी किया था। इससे पूर्व 8 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और 14 लोगों की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा भुगत रहे 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के अगस्त 2022 में लिए गए गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। 8 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि ऐसा आदेश लेने के लिए राज्य सरकार बिल्कुल भी 'सक्षम नहीं' थी और फैसले को बिना दिमाग लगाए पारित कर दिए गए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। सजा में छूट को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को सुनवाई योग्य मानते हुए पीठ ने कहा था कि गुजरात सरकार छूट का आदेश पारित करने के लिए उपयुक्त सरकार नहीं है।



## कैबिनेट से तीन पदों के सृजन को मंजूरी, इसमें एक आर्थिक सलाहकार और दो संयुक्त सचिव



नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट से 16वें वित्त आयोग का गठन करने पर अहम फैसला लिया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में तीन पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। गुरुवार को हुई इस अहम बैठक के बाद जारी बयान के अनुसार, 16वें वित्त आयोग के लिए सरकार एक आर्थिक सलाहकार और दो संयुक्त सचिवों के पद का सृजन करेगी। सरकार ने कहा कि आयोग के काम-काज में योगदान के लिए इन पदों का सृजन हुआ है।

**2023 के अंतिम दिन अधिसूचना, आज कैबिनेट से मिली मंजूरी**- सरकार ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल कर वित्त आयोग का गठन किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने लगभग ढाई हफ्ते पहले इसकी अधिसूचना जारी की थी। कैबिनेट बैठक में मंजूरी और वित्त आयोग के गठन पर सरकार ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 को जारी अधिसूचना के माध्यम से 16वें वित्त आयोग के लिए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई थी। अब कैबिनेट की बैठक में इसे औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई।

**16वें वित्त आयोग में नया पद बनाना क्यों जरूरी?**- नए पदों का सृजन करने की जरूरत क्यों पड़ी? इस सवाल पर केंद्र सरकार ने बताया कि संविधान से मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए 16वें वित्त आयोग के लिए जरूरी बाकी पदों का सृजन पहले ही किया जा चुका है। आर्थिक सलाहकार और दो संयुक्त सचिव के पदों की जरूरत आयोग पर कामकाज के भार को देखते हुए पड़ी। तीनों पदों पर नियुक्त होने वाले अधिकारी 16वें वित्त आयोग को अपने कार्यों को बिना अड़चन और सुचारू रूप से पूरा करने में सहायता करेंगे।

### यूपी विधान परिषद उपचुनाव: भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने दाखिल किया नामांकन




लखनऊ। यूपी विधान परिषद उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल कर दिया। दारा सिंह भाजपा प्रदेश मुख्यालय से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने विधान भवन पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री व पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक यूपी भाजपा की कोर कमेटी ने उप चुनाव के लिए पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजा था। पैनल में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान का नाम प्राथमिकता पर था। इनके अतिरिक्त प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा और संतोष सिंह सहित अन्य नाम शामिल थे। केंद्रीय नेतृत्व ने दारा सिंह चौहान के नाम पर सहमति दे दी। सपा से इस्तीफा देने के बाद दारा सिंह घोसी विधानसभा क्षेत्र से उप चुनाव हार गए थे तब से ही दारा सिंह को विधान परिषद भेजने की चर्चा चल रही थी और आज उन्होंने नामांकन दाखिल कर दिया।

**मंत्री बनाए जाने को लेकर लगाए जा रहे थे कयास**- दारा सिंह चौहान को घोसी सीट पर विधानसभा उपचुनाव के बाद भी मंत्री बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन दारा और उनके साथ ही सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर अभी भी इंतजार ही कर रहे हैं। दारा सिंह चौहान को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। वह नोनिया समाज से आते हैं जो कि पूर्वांचल में काफी प्रभावी माना जाता है। उपचुनाव में वह अपने समुदाय का वोट भी पूरी तरह प्राप्त नहीं कर सके वह सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह से करीब 42 हजार वोटों से हार गए।

## असम में भाजपा-आरएसएस पर जमकर बरसे राहुल गांधी, बोले- नफरत फैला रहे और जनता का पैसा लूट रहे

गुवाहाटी। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार को नगालैंड से असम पहुंची। शिवसागर जिले से शुरू होकर यह यात्रा असम के 17 जिलों से गुजरेगी और 833 किमी का सफर तय करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा, आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि मणिपुर में गृहयुद्ध जैसे हालात है। राज्य विभाजित होने की कगार पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री अभी तक वहां नहीं गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा, आरएसएस नफरत फैला रहे हैं। इसके जरिए वह जनता का पैसा लूट रहे हैं। असम में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार शायद असम में है। हम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम के मुद्दों को उठाएंगे। भाजपा के इस बयान पर पलटवार करते हुए कि ऐसे मार्चों से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होगा, राहुल गांधी ने कहा कि पिछले साल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने देश की राजनीतिक कहानी बदल दी है। भाजपा और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं और एक समुदाय को दूसरे समुदाय के खिलाफ लड़वा रहे हैं। उनका एकमात्र काम जनता का पैसा लूटना और देश का शोषण करना है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि भारत में मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर, बौद्ध विहार, जैन मंदिर भी है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, सभी का जश्न मनाते हैं।




22 जनवरी का समारोह एक राजनैतिक समारोह है। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने कहा कि हम इस स्थिति में नहीं हैं कि यह निमंत्रण स्वीकारें लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर नहीं जा सकते। हम धर्म विरोधी नहीं है, हम असली लोग हैं जो धर्म का पालन करते हैं क्योंकि धर्म का राजनीतिकरण करना धर्म को नीचे गिराता है, यह भाजपा, आरएसएस करती है।

### दिल्ली सीएम ने ईडी को भेजा जवाब, 'आप' बोली- भाजपा का मकसद केजरीवाल की गिरफ्तारी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी घोटाले मामले में चौथे समन पर भी ईडी को जवाब भेजा है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा का मकसद केजरीवाल को गिरफ्तार कराना है। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा कि ईडी ने लिखा है कि केजरीवाल आरोपी नहीं, फिर समन और गिरफ्तारी क्यों? भ्रष्ट नेता भाजपा में चले जाते हैं, उनके मामले बंद कर दिये जाते हैं। हमने भ्रष्टाचार नहीं किया, हमारा कोई नेता भाजपा में नहीं जाएगा। ईडी ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री को 18 जनवरी को पेश होने के संबंध में समन भेजा था। मुख्यमंत्री इससे पहले आए ईडी के तीन समन पर सवाल खड़ा कर चुके हैं। उन्होंने तीनों बार ईडी को लिखित में जवाब भेजकर उसके समन को गैर कानूनी करार दिया। उन्होंने तीनों बार कहा कि ईडी के समन में उनको तलब करने का कारण स्पष्ट नहीं है। वह जब अपने समन में स्थिति स्पष्ट कर देगी तब वह उसके समक्ष पेश होने के बारे में विचार करेंगे। उन्होंने पिछली बार ईडी से लिखित में सवाल भेजने का भी सुझाव दिया था।

## संपादकीय

# संवेदनशील सीमा

पिछले दिनों सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का एक बयान मीडिया की सुर्खियां बना था कि भारत-चीन सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन बेहद संवेदनशील है। तब इस वक्तव्य को लेकर कयास लगाये जा रहे थे कि इस बयान के तात्कालिक निहितार्थ क्या हैं। जाहिर है इस स्थिति के चलते हम अपने सतर्कता प्रयासों को कम नहीं कर सकते हैं। पीएलए के किसी भी दुस्साहस को रोकने के लिये चौबीसों घंटे निगरानी की जरूरत महसूस की जा रही है। यह बात तो तय है कि मौजूदा हालात में भारत अपनी सुरक्षा तैयारियों को लेकर किसी तरह की ढील नहीं दे सकता। थल सेनाध्यक्ष के बयान के निहितार्थ तब सामने आए जब एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि सितंबर 2021 और नवंबर 2022 के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिक कम से कम दो बार भिड़े हैं। इस पंद्रह महीने की अवधि के दौरान भारत ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यानी पीएलए की निगरानी के उद्देश्य से कई गुप्त अभियान भी चलाए। दरअसल, ये झड़पें और ऑपरेशन पहले सार्वजनिक विमर्श में नहीं आए। पिछले दिनों पश्चिमी और मध्य सेना कमांड के एक कार्यक्रम में आयोजित अलंकरण समारोह के दौरान वीरता पुरस्कारों के लिये प्रशस्ति पत्र पढ़ने के दौरान इन तथ्यों का खुलासा हुआ। दरअसल, ये स्थितियां सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे द्वारा एलएसी को संवेदनशील बताये जाने की पुष्टि करती हैं। जिसका साफ निष्कर्ष यह भी है कि हम अपनी सुरक्षा तैयारियों से किसी भी तरह का समझौता नहीं कर सकते। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि क्षेत्र में अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को अंजाम देने के लिये चीन लगातार ताकत के बल पर अपने भू-भाग को विस्तार देने की कुत्सित कोशिश में लगा रहता है। भारत ही नहीं, अपने दर्जन भर पड़ोसियों से उसका लगातार सीमा विवाद चलता रहता है। यहां तक कि विवाद के ये मामले अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय तक भी पहुंचे हैं। दरअसल, अब चाहे थल सीमा हो या समुद्री सीमा, चीन की कोशिश लगातार छोटे देशों को दबाने की होती है। इसी तरह वह भारत की सीमा पर अतिक्रमण करके सामरिक बढ़त लेने की फिराक में रहता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत किसी भी उकसावे का सावधानीपूर्वक, लेकिन दृढ़ता से चीन को जवाब दे। यहां उल्लेखनीय है कि भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि जब तक सीमा पर कोई मान्य समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक दोनों देशों के बीच अन्य संबंधों को सामान्य रूप से आगे बढ़ाने की कोई गुंजाइश नहीं रहती है। यदि चीन भारत के साथ सामान्य आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने की उम्मीद करता है तो पहले सीमा पर स्थिति सामान्य होनी चाहिए। देखा जाए तो इस तरह वास्तविक नियंत्रण रेखा के विवादों के समाधान व द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर लाने का मार्ग प्रशस्त करने की जिम्मेदारी बीजिंग पर ही है। बहरहाल, यह उचित ही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के चलते सीमा पर होने वाले टकराव और उस बाबत चलाए गए अभियानों की गोपनीयता बनी रहे। लेकिन एक बात तो तय है कि जून 2020 के गलवान संघर्ष के बाद हाल के वर्षों में सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव में किसी तरह की कमी नहीं आई है। पिछले साल, पेंटागन की एक रिपोर्ट में भी इस बात का दावा भी किया गया था कि चीन एलएसी पर तनाव को बढ़ाने वाली हरकतों को अंजाम दे रहा है। वर्ष 2022 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर डोकलाम के निकट चीन ने भूमिगत भंडारण सुविधाएं स्थापित की हैं। वहीं दूसरी ओर चीनी सेना की आवाजाही को गतिशील बनाने के लिये पैंगोंग झील पर दूसरा पुल बनाया गया है। वहीं सीमा के पास दोहरे उद्देश्य वाला हवाई अड्डा भी बनाया गया है। इतना ही नहीं सीमावर्ती इलाके में हेलीपैड बनाने के साथ ही सुरक्षा बलों की तैनाती को विस्तार देने के मकसद से बुनियादी ढांचे में वृद्धि की गई है। ऐसे में हम सुरक्षा तैयारियों को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं कर सकते।

# पाक पर ईरानी हमला भारत के लिए मौका

अपने को इस्लामिक संसार का नेता समझने के मुगालते में रहने वाले पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोलकर एक बड़ा संदेश दुनिया को दिया कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन खुल्लम-खुल्ला काम कर रहे हैं। ईरान ने बीते मंगलवार को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। हमले से विचलित पाकिस्तान ईरान के एक्शन पर विरोध जताकर चुप हो गया है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया गया। भारत तो दशकों से चीख-चीख कर दुनिया को बता रहा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को खाद-पानी देने वाला मुल्क है। उल्लेखनीय है कि 28-29 सितंबर, 2016 की रात को भारतीय सेना के कमांडोज ने आजाद कश्मीर में घुसकर 38 आतंकी मार गिराए थे। अजीब इत्तेफाक है कि उसी समय पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर ईरान ने मोर्टार दागे थे। ईरान के बॉर्डर गार्ड्स ने सरहद पार से बलूचिस्तान में तीन मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है। पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। याद रखिए कि यह वही ईरान है जिसने 1965 में भारत के साथ जंग में पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया था। ईरानी नेवी साथ दे रही थी पाक नेवी का। लेकिन तब से स्थितियां बहुत बदल चुकी हैं। एटमी गुंडे यानी पाकिस्तान से उसके कई पड़ोसी नाराज हैं, क्योंकि वो हर जगह आतंकवाद फैलाता रहा है। ईरान पाकिस्तान से तब से नाराज है क्योंकि दोनों देशों की सीमा पर तैनात ईरान के दस सुरक्षाकर्मियों को 2017 में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया था। तब से ही ईरान-पाकिस्तान के संबंध सामान्य नहीं रहे थे। ईरान-पाकिस्तान में इसलिए भी तनातनी रही है, क्योंकि ईरान शिया तो पाकिस्तान सुन्नी मुस्लिम देश है। पाकिस्तान की सऊदी अरब से नजदीकियां कभी भी ईरान को रास नहीं आई हैं। दरअसल, पाकिस्तान को सऊदी अरब से कच्चा तेल आराम से मिल जाता है। उसे कच्चा तेल तो ईरान, नाइजरिया या और किसी और देश से भी मिल सकता है, पर उसके नागरिकों को नौकरी और कोई देश नहीं दे सकता। इसलिए पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ चिपका रहता है। ईरान और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बड़ा बदलाव तब आया जब दिसंबर, 2015 में सऊदी अरब ने आतंकवाद से लड़ने के लिए 34 देशों का एक ह्यइस्लामी सैन्य गठबंधनह्ण का फैसला किया। लेकिन इस गठबंधन में शिया बहुल ईरान शामिल नहीं किए गए। इसमें सऊदी अरब ने पाकिस्तान को प्रमुखता के साथ जोड़ा। इस कारण ईरान काफी नाराज हुआ था पाकिस्तान से। इस गठबंधन का चीफ बनाया गया था पाकिस्तान का पूर्व आर्मी चीफ जनरल राहिल शरीफ को। ये गठबंधन कभी कायदे से अपना काम नहीं कर सका। इस गठबंधन को ईरान विरोधी के रूप में भी देखा गया, जो सऊदी अरब का मुख्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी है। खैर, ईरानी एक्शन भारत के लिए अनुपम अवसर है ईरान से अपने संबंधों को मजबूती देने का। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईरान की दो दिवसीय यात्रा पर जा चुके हैं। ईरान के राष्ट्रपति डॉ. हसन रूहानी के निमंत्रण पर हुई उस यात्रा में मोदी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अल खुमैनी से भी मिले थे। खुमैनी आमतौर पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष से मिलते नहीं हैं। लेकिन वे मोदी से मिले थे। साफ है कि ईरान ने मोदी की यात्रा को खासी तरजीह दी थी।

# श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती

डॉ. आशीष वशिष्ठ

भारत के राम भारत राष्ट्र के हृदय की धड़कन हैं। राम राष्ट्र हैं। वे भारत राष्ट्र की पहचान हैं। राम का नाम लेकर यहां का वासी अपनी जिंदगी की घड़ियां गुजारता है। राम उसके भगवान हैं मयार्दा पुरुष भी। राम स्वयं काल हैं, वे काल सत्य हैं। वे खण्डित नहीं, अखण्ड हैं। उन्हें काल खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा से स्रोत हैं। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण करके भारत भूमि पर उतरी थी। वे संपूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना का पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं।

श्रीराम के चरित्र के साथ ही मानव समाज के लिए उदात्त मानवीय आदर्शों का प्रणेता उपस्थित होता है। श्रीराम, जो राजतंत्र को लोकतंत्र का स्वरूप प्रदान करते हैं, विवष और संकटग्रस्त होकर भी कभी नहीं टूटते हैं, स्वयं शोषित रहकर जन-जन को परिपोषित करते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी निष्ठा, उदारता, सरलता, सहिष्णुता से विचलित नहीं होते हैं, वे ही भारतीय चिन्तन में मानवीय अवधारणा के प्रतिरूप हैं। इस देश को प्रेरणा के लिए चाहिए प्रकाश पुंज साक्षात उदाहरण, कोई ऐसा ज्वलंत जीवन जो देशवासियों का केंद्रबिंदु हो। भारत के पास यह ज्वलंत जीवन है। उसके पास उसका राम है। यहां की जनता अपने राम से जुड़ रही है। वह अपने देश की राजनीति को राम केंद्रित बना रही है कि कोई व्यक्ति या दल देश के शासन तंत्र का उपयोग और संचालन अपने लिए नहीं, सबके सुख, सबकी समृद्धि और सबकी निरामयता के लिए करे।

श्रीराम भारत के प्रकाश हैं और भारत विश्व का प्राणाधार। राम, भारत और विश्व को अन्योन्याश्रित संबंध है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि का प्रत्येक अंश राम का अंश है। रामांश होने का अर्थ है जीवन की अनगढ़ता का अंत और अनगढ़ कृत्यों के अपराध से मुक्ति। अनगढ़ अर्थात असंस्कृत कृत्यों के अपराध से मुक्ति अर्थात मंगलमय जीवन का प्रारंभ। यह मंगलमयता व्यक्ति को समाज, राष्ट्र और विश्व के साथ एकात्म करती है। मंगलमयता ही परिवर्तन का बीज है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विभेदकारी राजनीति द्वारा क्षतिग्रस्त भारतीय समाज की संरचना दिन-प्रतिदिन बिखरती गई। श्रीराम से जुड़कर उसे एक बार फिर एकात्मबोध को संदेश मिला है। श्रीराम भारतीय सामाजिक संरचना के संवेदनशील तंतु और तत्व ही नहीं हैं, वे राष्ट्रीय अखण्डता की आधारभूमि भी हैं। श्रीराम परिवर्तन का नाम है। संबंधों और संबोधनों तक में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। भाषा और भावनाएं परिवर्तित हो रही हैं। परिवार, व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की धारणा और अवधारणा भी बदल रही है। जो लोग देश–दशा का दर्शन केवल समाचार पत्रों या न्यूज चैनल के समाचारों और शीर्षकों से करते हैं वे निराश हैं, किंतु जो देश की धरती पर लिखे जा रहे इतिहास के संदेश और सामचार से जुड़े हैं वे आशान्वित हैं। वे उज्ज्वल भविष्य का दर्शन कर रहे हैं। समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, गोष्ठियों और



डिबेट में जिस तरह की चर्चा होती है वह असली भारत नहीं है। वह भारत का यर्थाथ भी नहीं है। वे सभी वास्तविकता से कटे हुए है। संदर्भहीन हैं। असली भारत देशवासियों के मन में, खेत खलिहानों में, कर्मरत किसानों में, युवकों के अंतःकरण में स्फुरित हो रही आस्था में अपना नवीन रूपाकार ग्रहण कर रहा है। विकृत बुद्धि वाले लोग परेशान ही इस कारण से हैं कि उनके थोथे चने का बजना बंद हो रहा है। ये जितना अधिक जोर से चीखेंगे, उनकी आवाज जितनी अधिक ऊंची होती जाएगी, श्रीराम के भारत के उदय की संभावना उतनी ही सबल और उतनी ही समीप आती जाएंगी।

श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण हो रहे मंगलमय परिवर्तन का सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा है। श्रीराम की चेतना के कारण मानवता के विकास की दिशा स्पष्ट हो रही हैं। भारत की चिरगरिमा प्रतिष्ठा पा रही है। भारत अपनी विसंगतियों को दूर करने की दिशा में प्रवृत्त हो रहा है। भारत की राष्ट्रीय अस्मिता वास्तविक रूप में अभिव्यक्त होने को है। जो लोग श्रीराम को स्वीकार नहीं करते वे सीधे और स्पष्ट शब्दों में उन्हें नकार भी नहीं पा रहे हैं। समस्त विश्व को प्रभावित करने में श्रीराम मंदिर की महान् भूमिका का महत्व मौनभाव से ही सही, स्वीकार किया जाने लगा है। श्रीराम के भाव और कर्मतंतु से जुड़े इस देश में अब सब कुछ बदलने की स्थिति में है। परिवर्तन शिशु के जन्म के पूर्व की सुखद पीड़ा आरंभ हो चुकी है। 22 जनवरी को भरी दुपहरी में यह परिवर्तन श्रीराम की तरह संपूर्ण भारत भूमि और देशवासियों के मन में जन्म लेगा और सब कुछ बदला-बदला सा नहीं, बदला हुआ होगा। यह आश्वासन मेरा नहीं, अपने देश के तपस्वी और त्रिकालदर्शी सिद्ध पुरुषों का है। हम, हमारा समाज और राष्ट्र परेशान क्यों हैं? केवल इसलिए कि व्यक्ति समाज और राष्ट्र जीवन का उलझा हुआ संबंध अभी तक सुलझ नहीं पाया, उसे व्यवस्थित नहीं किया गया, उसे व्यवस्थित नहीं किया जा सका। विकास की दिशा निश्चित नहीं की जा सकी। श्रीराम आज व्यक्ति समाज और राष्ट्र के जीवन चरित्र के रूप में एक बार सबके सामने खड़े हैं। विकास की अपराधी अवधारणा की कलई खुलने लगी है और उलझा संबंध अब सुलझने सुधरने लगा है। गत 76 वर्षों में यह प्रथम बार हुआ है कि सत्तातंत्र और राजनीति अर्थतंत्र की जमीन से आस्था की भूमि की ओर मुड़ रही है। अर्थतंत्र में उलझी राजनीति श्रीराम की जनआस्था पर आरुढ़ होकर चिरगुलामी और गुलामी के प्रतीकों से मुक्त हो रही है। अर्थतंत्र ने ही इस देश को मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी में जकड़कर उनकी सत्ता की स्थापना की थी। मुगलों की विलासिता और अंग्रेजों की लूट ने देश को कंगाल और कमजोर किया। भारत की राजनीतिक दासता का दोषी अर्थतंत्र है। जो लोग पैसे को ही परमेश्वर मानते हैं, उनके ही आश्रम में कांग्रेस कल्चर का विकास हुआ है। देश की राजनीति का अर्थ से आस्था की ओर मुड़ना एक शुभ संकेत है। अर्थ दासता, लोभजनित कुण्ठा और क्रूरता को जन्म देता है, उसका आयाम बहुत सीमित है। आस्था का आयाम बहुत बड़ा और बहुत व्यापक है। आस्था का तप-त्याग, सेवा-समर्पण, मैत्री और बंधुता को बोध है। उसमें अपनत्व है, सबको आत्मवत समझने की सहज प्रवृत्ति है। दुःख-दारिद्रय के प्रति दया भाव ही नहीं, उसको समाप्त करने के लिए कर्म चेतना जागृत करने की क्षमता भी है।

# अमेरिकी विरोध के बावजूद हसीना की ताजपोशी

**जी. पार्थसारथी**

यूं तो भारत अपने पड़ोसियों के आंतरिक मामलों के बारे में टिप्पणी करने से बचता है, लेकिन जब बात अपने कुछ पड़ोसी मुल्कों के आंतरिक मामलों को लेकर अमेरिका के रवैये की आए, तो उसके साथ मतभेदों की संभावना बनी रहती है। पाकिस्तान ने एक लंबा अरसा सैन्य शासन के अधीन गुजारा है। अमेरिका ने फील्ड मार्शल अयूब खान से लेकर जनरल याह्या खान, जनरल परवेज मुशर्रफ तक, सैन्य शासकों पर वरदहस्त बनाए रखा। पाकिस्तान के वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर के हालिया अमेरिका दौरे पर, वाशिंगटन पहुंचने पर उन्हें हाथों-हाथ लिया गया, हालांकि पाकिस्तान में आगामी 8 फरवरी को आम चुनाव होने जा रहे हैं। मुनीर उन जनरल बाजवा के जानशीन हैं, जिनकी अमेरिका के साथ निजी तौर पर बहुत नजदीकियां रही। यह कोई रहस्य नहीं कि अमेरिका जब मर्जी हो पाकिस्तान की निर्वाचित सरकार को दरकिनार कर पाकिस्तानी सेना के साथ सीधा संपर्क कर लेता है। तय मानकर चलिए, पाकिस्तानी सेना द्वारा किए तख्तापलटों को अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान का अनुमोदन रहा है।

अमेरिका के एक के बाद आये राष्ट्रपतियों के साथ पाकिस्तान के सैन्य शासकों के गर्माहट भरे संबंध रहे हैं। पाकिस्तान के साथ उक्त व्यवहार के बरअक्स, अमेरिका के बांग्लादेश से रिश्ते बनिस्बत कम गर्मजोशी या मित्रतापूर्ण रहे हैं। यह उस वक्त अधिक स्पष्ट हो जाता है जब बांग्लादेश में आवामी लीग, जिसकी स्थापना मुल्क के संस्थापक राष्ट्रपिता शेख मुजीब-उर-रहमान ने की थी, ने हालिया चुनाव में लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई है। गौरतलब है, 1971 में बांग्लादेश को आजादी मिलने के बाद, विभिन्न कारणों से अमेरिका बांग्लादेश में धार्मिक कट्टरपंथ की ओर झुकाव रखने वाले दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों को समर्थन देता आया है, जैसे कि जनरल जिया-उर-रहमान द्वारा बनाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी। अमेरिका का उसके प्रति रवैया धर्मनिरपेक्ष बांग्लादेश आवामी लीग को लेकर रहे रुख के विपरीत है।

अभी भी, बांग्लादेश को लेकर अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं है। शेख हसीना की सरकार द्वारा करवाए हालिया आम चुनावों को लेकर अमेरिका ने काफी प्रचार चलाया। इसमें कोई शक नहीं कि वर्तमान में बांग्लादेश में शेख हसीना सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं। जहां तक भारत का संदर्भ है, बेगम खालिदा ज़िया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का भारत के प्रति रवैया कम मित्रतापूर्ण रहा है। शेख मुजीब की हत्या को लेकर बहुत से सवाल अनुत्तरित हैं, जबकि स्वयं श्रेय लेने वाले दो



हत्यारे, अमेरिका और कनाडा में आराम से रह रहे हैं। भारत को अब अपने विदेश संबंधों में नई चुनौतियां दरपेश हैं। हमें जहन में रखना होगा कि अमेरिका का यह बहुप्रचारित दावा कि वह लोकतंत्र को बढ़ावा देने में पहरुआ है, सबके लिए एक-समान नहीं है। इसी बीच, पाकिस्तान की सेना विपक्षी नेताओं से सांठ-गांठ करके खेल रच रही है ताकि तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान को इस्लामाबाद में सत्ता के गलियारों से दूर रखा जाए। चूंकि इमरान खान को अमेरिकी भी खासतौर पर पसंद नहीं करते लिहाजा किनारे होना ही है। हालांकि जुल्फिकार अली भुट्टो द्वारा स्थापित पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को आरंभिक वर्षों में पश्चिम में शक की निगाह से देखा जाता था। वह उन्हें चीन-परस्त वामपंथी मानता था। उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो को इस राजनीतिक झुकाव को लेकर रहा अमेरिकी शक दूर करने को बहुत मशक्कत करनी पड़ी और सत्ता संभालने से पूर्व इसमें कुछ सफलता मिली।

इसी बीच, पाकिस्तान को आतंकी गुटों का प्रायोजन करने से पहले अब बहुत सावधानी से विचार करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अब यह साफ कर दिया गया है, लश्कर-ए-तैयबा सरगना हाफिज सईद, जो कि 26/11 के मुम्बई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था, उसे 78 साल का कारावास भुगतने की सजा सुनाई गई है, जिस पर 2020 से अमल जारी है। उस पर आतंकवाद को वित्तीय मदद देने का दोष है। हालांकि देखना यह है कि क्या वाकई वह जेल में है या फिर पहले की तरह आईएसआई के संरक्षण में फर्जी हिरासत में आरामदायक जिंदगी बसर कर रहा है। लेकिन लगता है कि पाकिस्तान को आईंदा लश्कर-ए-तैयबा जैसे गुटों को प्रायोजित करने से पहले बहुत सावधानी बरतनी पड़ेगी। उम्मीद है पाकिस्तान को अब यह बात समझ भी आ चुकी होगी कि भारत तैयार है और हाफिज सईद जैसों को पुनः मदद करने की एवज में बहुत बड़ी कीमत चुकाने का पूरा इंतजाम कर देगा। जब जनरल ज़िया उल हक ने जुल्फिकार अली भुट्टो का तख्तापलट कर फांसी पर लटकवा दिया तो अमेरिका को जरा हमदर्दी न हुई। अफगानिस्तान में काबिज सोवियत सेना का जीना दूभर करने और अंततः शर्मिंदगी भरा पलायन करवाने में जनरल जिया ने अमेरिका का पूरा साथ दिया। इसके बदले पेंटागन ने पाकिस्तान को इनाम स्वरूप एफ-16 लड़ाकू जहाज और अन्य सैन्य उपकरणों की भरपूर खेप दी थी। आर्थिक लिहाज से, पाकिस्तान के हाथ में पहले की भांति भीख का कटोरा है, जो अपने गुजारे के लिए अमेरिका-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष विश्व बैंक की खैरात पर बेतरह निर्भर है। हालांकि चीन पाकिस्तान का मुख्य मददगार बना हुआ है और उसे परमाणु एवं रिवायती सैन्य उपकरण मुहैया करवा रहा है। पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल विकास कार्यक्रम के लिए चीन डिजाइन और धन देकर सहायता देता आया है। अब वह पाकिस्तान के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत अधिक मदद कर रहा है, जिसके तहत बनने वाले तंत्र में बहु-प्रचारित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना एक है। तथापि ऐसा विरल है कि चीन ने रियायती दरों पर पाकिस्तान की नकदी से मदद की हो, जिसकी पाकिस्तान को सख्त जरूरत है। इतना ही नहीं, अमेरिका खुद के वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण का अलम्बदार होने का दावा करता है लेकिन चीन-पाकिस्तान के बीच परमाणु अस्त्र एवं मिसाइल सहयोग पर आंखें मूंद रखी हैं।

# सिकुड़ते जनाधार के बीच अरमानों के पंख फैला कर क्या दर्शाना चाह रही है बसपा?

**अजय कुमार**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर पर राजनैतिक धुंध पूरी साफ कर दी। बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी, यह घोषणा करके मायावती ने उन लोगों की राह आसान कर दी है जो बसपा से गठबंधन की उम्मीद में एक कदम आगे तो दो कदम पीछे चलने को मजबूर हो रहे थे। मायावती के इस फैसले के निहितार्थ भी निकाले जायेंगे तो बसपा को बीजेपी की बी टीम बताने का सिलसिला भी तेज हो जायेगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि बसपा के अकेले चुनाव लड़ने का सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा।

वहीं कांग्रेस का मायावती के इस फैसले से उत्तर प्रदेश में पैर पसारने का सपना टूट सकता है। कांग्रेस जानती है कि समाजवादी पार्टी के साथ 2017 के विधान सभा चुनाव में गठबंधन का उसे कोई फायदा नहीं मिला था, जिसके चलते लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को अपना हश्र 2017 जैसा होता दिख रहा है। कांग्रेस के लिए बसपा की एकला चलो नीति इसलिए भी बड़ा झटका है क्योंकि राहुल गांधी लगातार इस बात की कोशिश में लगे थे कि बसपा भी इंडी गठबंधन का हिस्सा बन जाये। यदि ऐसा हो जाता तो निश्चित ही बीजेपी के लिए यूपी में राह मुश्किल हो सकती थी। वैसे मायावती ने चुनाव बाद गठबंधन की संभावनाओं को जिंदा रखा है। मायावती के पास करीब 18 फीसदी कोर वोटर हैं। मायावती जिस भी पार्टी से हाथ मिलाती हैं उसकी बल्ले-बल्ले हो जाती है, लेकिन दूसरी पार्टियों का वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होता है इसीलिये मायावती गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं रहती हैं।

मायावती के सियासी सफर की बात की जाये तो वह चार बार उत्तर प्रदेश की सीएम बन चुकी हैं, जिसमें से तीन बार वह बीजेपी के गठबंधन के साथ मुख्यमंत्री बनीं तो 2007 के विधान सभा चुनाव में मायावती को अपने दम पर बहुमत मिला और चौथी बार राज्य की सीएम वो अकेले अपनी पार्टी के दम पर बनीं थीं लेकिन इसके बाद से ही मायावती की ताकत घटने लगी। सबसे हालिया विधानसभा चुनाव में बसपा 403 विधासभा सीटों में से महज एक सीट जीत पायी। पार्टी का वोट शेयर 13 फीसदी था। थोड़ा और पीछे जाएं तो 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा को 403 में से 19 सीटें मिली थीं। वोट शेयर 22 फीसदी था। बात लोकसभा चुनाव की करें तो साल 2019 का चुनाव बसपा ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था, बसपा को इस चुनाव में 10 सीटें मिली थीं और सपा का खाता पांच सीटों पर सिमट गया था। इस चुनाव के बाद सपा और बसपा का गठबंधन टूट गया। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा वोट तो बहन जी को ट्रांसफर हुआ लेकिन इसमें उनका नुकसान हो गया। वहीं मायावती ने भी चुनाव के बाद दिए गए बयान में कहा कि सपा के साथ जाकर उन्हें चुनाव में नुकसान हुआ। एक अनुमान के मुताबिक उत्तर प्रदेश में दलितों में 65 उपजातियां हैं। इनमें सबसे बड़ी आबादी जाटव समुदाय की है। कुल दलित आबादी का 50 फीसदी हिस्सा जाटव हैं। मायावती खुद इसी समुदाय से आती हैं। मायावती का अब दलितों के बीच वो प्रभाव नहीं रह गया जैसा पहले हुआ करता था। उनकी पार्टी जाटवों की पार्टी बन कर रह गई है। दलितों का एक अच्छा खासा तबका बीजेपी के साथ चला गया है और ये पिछले लोकसभा चुनाव में स्पष्ट दिखाई दिया। जाटव और रैदास जैसी जातियां ही अब मायावती के कोर वोटर रह गई हैं। वाल्मीकि, पासी जातियां अब मायावती के साथ नहीं हैं। अब मायावती की वो सियासी ताकत नहीं रही, जिसके लिए वो जानी जाती थीं। वो अब वोट काट तो सकती हैं लेकिन किंगमेकर नहीं बन सकतीं। मौजूदा हालात में तो कम से कम ऐसा ही लगता है। बहरहाल, मायवती को सबसे अधिक सियासी नुकसान भी भारतीय जनता पार्टी ने ही पहुंचाया है।

साल 2014 के चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में बीजेपी की छवि बहुत बदली है। राज्य की राजनीति को करीब से समझने वाले लोग मानते हैं कि बीजेपी की छवि जिस तरह पहले ब्राह्मण और बनियों की पार्टी की थी आज वैसी छवि नहीं रही है। वो आज वैसी नहीं देखी जाती। अब बीजेपी का दायरा ऊंची जातियों की पार्टी से आगे बढ़ कर दलितों और पिछड़ों के बीच भी पहुंच गया है। दलितों में एक तबका बहन जी के सियासी रूप से कमजोर होने के बाद भाजपा की तरफ चला गया है। इसके अलावा बीते कुछ सालों में मायावती ने अपने पार्टी की स्थिति बेहतर करने के लिए कुछ नहीं किया है। उनकी पार्टी राजस्थान, पंजाब और मध्य प्रदेश में एक बड़ी खिलाड़ी हुआ करती थी लेकिन इन राज्यों को तो भूल जाइए वो अपने गृह राज्य यूपी में ही सिमटती जा रही है। आने वाला लोकसभा चुनाव मायावती और उनकी पार्टी के लिए अस्तित्व बचाने की लड़ाई होगी। बीते चुनावों में पार्टी का गिरता प्रदर्शन तो कम से कम इसी ओर इशारा करता है।

पार्टी के घटते वोट शेयर और सीटें तो मायावती के लिए चुनौती हैं ही, उनके लिए एक बड़ी चुनौती ये भी है कि उनके बड़े नेता उनका साथ छोड़ चुके हैं या उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया या है। स्वामी प्रसाद मौर्या, लालाजी वर्मा और इंद्रजीत जैसे बड़े कद के नेता अब उनका साथ छोड़ चुके हैं। मौजूदा सांसद दानिश अली को बहनजी ने बाहर कर दिया है। ऐसे में अकेले पार्टी को जिंदा रखना मायावती के लिए आने वाले चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उसका मुकाबला सपा और कांग्रेस के साथ-साथ मोदी की सेना से भी होगा, जो लगातार दलित वोटरों को लुभाने में लगे हैं। बीजेपी लम्बे समय से दलित मतदाताओं को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछले दिनों हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी नहीं होने के बावजूद बीजेपी को सफलता नहीं मिली थी, जिससे बीजेपी को इस बात का अहसास अच्छी तरह से हो गया है कि 2024 की नैय्या दलित मतदाताओं को साधे बिना पार नहीं लगने वाली है। इसलिए बीजेपी का थिंकटैंक दलित बस्तियों में पैठ बनाने की योजना पर काम कर रहा है।

बस्ती संपर्क एवं संवाद अभियान के जरिए दलित मतदाताओं में पैठ बनाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों को दलित बस्तियों के बीच जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बस्ती संपर्क एवं संवाद अभियान के जरिए बीजेपी की डबल इंजन की सरकार के कामों को बताया जा रहा है। बीजेपी कार्यकर्ता दलित बस्तियों में जाकर फीडबैक लेंगे। दलित बस्तियों से मिले फीडबैक को बीजेपी लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल करेगी।

# हरियाणा में हुई अर्निस नेशनल चैंपियनशिप में जौनपुर के बच्चों ने जीते तीन कांस्य और रजत पदक, बढ़ाया जनपद का मान

प्रखर जौनपुर। अर्निस नेशनल चैंपियनशिप 13 से 15 जनवरी 2024 को कुरूक्षेत्र हरियाणा मे संपन्न हुई जिसमे उत्तर प्रदेश ने पाच पदक हासिल किया जिनमें से तीन पदक जौनपुर के बच्चो ने उत्तर प्रदेश को दिए। इस मौके पर सेल्फ डिफेंस कोच नजमे आलम ने बताया की नेशनल चैंपियनशिप मे खेलते हुए रजत पदक जीतकर जौनपुर के बच्चो ने जनपद का मान बढ़ाया है। नेशनल चैंपियनशिप मे पदक हासिल करने वालो में रेहान ने कास्य पदक तो मैमुद्दीन ने रजत पदक जीत कर प्रदेश और जनपद का मान बढ़ाया है, नज्में ने आगे बताया की फिलीफिंस मार्शल आर्ट अर्निस के पदक विजेताओ का चयन जुलाई 2024 को फिलिपिंस मे आयोजित होने वाली वर्ल्ड अर्निस चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस मौके पर कमेटी के प्रदेश सचिव नसीरूद्दीन सिद्दीकी ने सभी पदक विजेताओ को बधाई दी है।



## देशी शराब की दुकान के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन




प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां तहसील अन्तर्गत हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कबिसा के देसी शराब कि दुकान के खिलाफ 18 जनवरी दिन वृहस्पतिवार को पुर्व /प्रभारी प्रत्याशी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर दर्जनों कि संख्या एकत्रित लोगों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन। मिली जानकारी के अनुसार हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिधौली के नाम से आवंटित देसी शराब की दुकान आवंटित स्थान से 3 कि.मी.दूर कबिसा में चलाया जा रहा है जहां सुबह 6 बजे से ही ब्रिक्री चालू हो जाता है। जिसके कारण आए दिन शराबियों द्वारा विवाद किया जाता है, जिसके कारण रहने वाले लोगों को समस्या हो रही है। तथा ग्रामीणों में आक्रोश है तहसीलदार सहजनवां को दिये ज्ञापन के माध्यम से दिलीप मौर्य ने मामले को गंभीरता से लेकर उक्त दुकान को आवंटित स्थान पर करने कि मांग कि है उक्त सन्दर्भ में बात करने पर तहसीलदार सहजनवां भानु प्रकाश सिंह ने कहा कि जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में रामभजन शर्मा ,उमेश मौर्य,शिवदयाल यादव, दुर्गेश यादव,संजय कुमार, क्रिशचन्दं, राहुल सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लेखपाल पद पर चयनित होकर गाँव व क्षेत्र का नाम किया रोशन



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा तितनापार के निवासी किसान जनार्दन सिंह के छोटे बेटे सत्यपाल सिंह ने लेखपाल पद पर चयनित होकर गाँव व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। सत्यपाल सिंह बचपन से ही होनहार छात्र रहे हैं ए वन दारोगा सहित कई परीक्षाएँ क्वालिफाई कर चुके हैं। पीसीएस मुख्य परीक्षा मे मामूली अंको से चुके। सत्यपाल सिंह लेखपाल पद पर फाइनल चयन हो जाने से परिवार में खुशी का माहौल है।सत्यपाल क्लासेज नाम से भीटी रावत मे सैकड़ो छात्रो को शिक्षा देते है मार्गदर्शन करते हैं इनके पढ़ाए बहुत से छात्र विभिन्न सरकारी पदो पर सेवा दे रहे हैं। श्री सिंह के चयन पर विधानसभा उपाध्यक्ष प्रदीप यादव,अजीत यादव "अवनीश " , सोनू मौर्या सहित संभ्रांत लोगो ने बधाई दी।

### सत्यदेव डिग्री कालेज में 129 छात्रों को मिला स्मार्टफोन, छात्रों के खिले चेहरे



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को सत्यदेव डिग्री कॉलेज, गाजीपुर के हाल में स्मार्टफोन के वितरण का कार्य तहसील के अधिकारी विनोद कुमार सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के आरंभ में सत्यदेव डिग्री कालेज के निदेशक अमित कुमार सिंह रघुवंशी ने सभी अतिथियों का कालेज हाल में स्वागत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि , सीएमडी काउंसलर और प्राचार्य के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। तहसील से आए अतिथि का स्वागत सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के सीएमडी प्रोफेसर आनंद कुमार सिंह ने अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर और पुष्प माला पहना कर किया। छात्रों को संबोधित करते हुए सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के सीएमडी प्रो. आनंद सिंह ने कहा कि छात्रों को मोबाइल सरकार द्वारा उनके अध्ययन के विस्तार के लिए दिया जा रहा है। छात्रों को सतर्क होकर इस डिवाइस का प्रयोग करना होगा।उन्होंने इस डिवाइस के द्वारा समाज के लोगो से संपर्क का माध्यम बनाने का महत्वपूर्ण उपकरण के साथ ही अपने अध्ययन सामग्री को प्राप्त करने के उपकरण के रूप में भी किया जा सकता है।प्रो ङ्क सिंह ने मोबाइल के प्रयोग में बरतने जाने वाले सावधानियों को भी बताया।धन्यवाद प्रस्ताव संस्था के प्राचार्य डॉ रामचंद्र दुबे जी ने किया इस कार्यक्रम में सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निर्देशक अमित रघुवंशी, सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय और कॉलेज के विद्वान प्राध्यापक बंधु उपस्थित रहे आज 129 स्मार्टफोन का वितरण किया गया।कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार सिंह रघुवंशी ने किया।

### ब्रेथ ईजी के डॉ. एस.के पाठक को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र से मिला बिग प्राईड अवार्ड



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। विगत दिनों वाराणसी में आयोजित एक कारक्रम में वाराणसी के प्रख्यात, ब्रेथ ईजी चेस्ट स्पेशलिस्ट डा.एस के पाठक को उनके चिकित्सा क्षेत्र मे किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तर प्रदेश आयुष मंत्री दयाशंकर दयालु द्वारा दिया गया बिग प्राईड अवार्ड। पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रख्यात चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ. एस.के पाठक ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता की निःस्वार्थ सेवा में व्यतीत कर दिया` डॉ. पाठक चिकित्सा क्षेत्र के अपने ज्ञान का उपयोग समाज के सामाजिक- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उत्थान और समान स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए कर रहे हैं। डॉ. पाठक सन 2003 से शहरों, कस्बों,गावों,उत्तर प्रदेश के ग्रामीण सूक्ष्म अंदरूनी इलाकों और बिहार, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश सीमा जैसे निकटवर्ती राज्यों में कई निःशुल्क वृहद् स्वास्थ्य सेवा शिविर आयोजित किये हैं जहाँ कई रोगी लाभान्वित होते हैं` डॉ. पाठक को तीन प्रदेशीय एवं आठ राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया जा चूका हैं।

### भाजपा अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व मे शुरू हुआ दीवार लेखन आभियान, एक बार फिर मोदी सरकार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर आज से शुरू दीवार लेखन अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने मुहम्मदाबाद विधानसभा स्थित अपने गृह ग्राम भाला में दीवार लेखन का कार्य किया उन्होंने अपने हाथों दीवार पर पार्टी चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया और एक बार फिर मोदी सरकार का नारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर लिखा।और जिला पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र तथा बूथ स्तर तक के कार्यकताओं से दिवार लेखन का आह्वान किया है। जिला मंत्री सुरेश बिंद ने मिरनपुर सक्का, अच्छेलाल गुप्ता ने महाराजगंज तथा जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने सकरताली मे दीवार पर कमल का फूल बनाया और नारा लिखा।

### सिंधोरा में भी श्री राम लला की होगी प्राण प्रतिष्ठा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। अयोध्या में जिस दिन नए भवन में विराजेंगे उसी दिन सिंधोरा में भी 22 जनवरी को श्रीराम जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा होगा। जिसके निमित्त 19 जनवरी को श्रीराम जी की मूर्ति नगर भ्रमण के लिए निकलेगी, तत्पश्चात पूजन प्रक्रिया शिव प्राचीन हनुमान मंदिर पर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को उसी दिन सायंकाल भव्य भंडारे का आयोजन होगा। 22 जनवरी को रामजी की शोभा यात्रा सर्व मनोकामना सिद्ध दुर्गा माता मंदिर पुरानी बाजार से होकर पूरे बाजार का नगर भ्रमण करते हुवे संकटमोचन हनुमान मंदिर सिंधोरा राम बाबा के पास समापन किया जाएगा। कार्यकम का आयोजन रामलीला समिति, दुगार्पूजा समिति व सभी मंदिर समितियां के सहयोग से होगा।

## एक पौधा प्रभु श्री राम के नाम, काशी धाम से अयोध्या धाम की ओर साइकिल यात्रा



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। ग्रीन पीस नेचर फाउंडेशन के तत्वाधान में एक पौधा प्रभु श्री राम के नाम मुहिम के अंतर्गत संस्था के संस्थापक अधिवक्ता राजेश कुशवाहा व संस्था के अध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, धीरेंद्र सिंह एवं उनकी टीम काशी धाम से अयोध्या धाम के लिए 18 जनवरी गुरुवार को साइकिल यात्रा कचहरी डीएम पोर्टिका से आरंभ की` इस अवसर पर बनारस बार के अध्यक्ष एवं सेंट्रल बार के महामंत्री सुरेंद्र नाथ पाण्डेय मौके पर मौजूद होकर साइकील यात्रियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता नीरज कुमार शुक्ला, दुर्गा प्रसाद पटेल,अमित कुमार शुक्ला,संजय यादव सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान ने जरूरतमंदों में वितरित किए कंबल



प्रखर घघसरा-गोरखपुर। विकास खण्ड पाली के ग्राम पंचायत नेवास की महिला ग्राम प्रधान निशु त्रिपाठी द्वारा बृहस्पतिवार को कंबल वितरण किया गया। वहीं कंबल पाकर लोगों चेहरे खुशी से खिल उठे। कंबल वितरण के दौरान निशु त्रिपाठी ने कहा कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया है। जरूरतमंद लोगों की मदद करना पुनीत कार्य है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश त्रिपाठी सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहें।

## गाँवों में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जागरूकता कार्यक्रम के तहत बेलहर कला व बघौली ब्लाक से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना

प्रखर संतकबीरनगर।देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाको में स्वच्छ जल मुहैया करने के लिए जल जीवन मिशन योजना चलाया जा रहा हैं इसी क्रम में विकास खण्ड बघौली राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत आउटडोर एल.ई.डी. होर्डिंग एक्शन फॉर रूलर डेवलपमेंट की टीम को बघौली विकाश खण्ड की खंड विकास अधिकारी स्वेता वर्मा, तथा बेलहर कला विकास खंड से खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। ग्राम पंचायत



अधिकारी सभाजीत यादव ,सचिन व ग्राम प्रधान तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे । सहायक विकास अधिकारी पंचायत चन्द्रशेखर सिंह व सचिन व ग्राम प्रधान एवं अन्य अधिकारी गण द्वारा हरी झंडी दिखाकर विकास खण्ड स्तरीय व राजस्व स्तरीय एल.ई.डी.व होर्डिंग फ्लेक्सी बैनर जनपद स्तरीय तहसील,ग्राम पंचायत व राजस्व स्तर के लिए रवाना किया । जो पूरे ब्लाक स्तरीय व राजस्व स्तरीय पर आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य करेंगी एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था डी.पी.सी. सक्षम प्रताप सिंह व सहायक डी.पी.सी. नीरज जायसवाल के द्वारा ब्लॉक स्तर,राजस्व एवं ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।

## भारत को विकसित देश बनाने का सपना होगा पूरा : प्रदीप शुक्ला

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां ब्लॉक के मुन्डा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम व प्रधानमंत्री वर्चुअल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के इस दौरान 6 माह की बच्चों को अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री व क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र की पक्ति में खड़ा करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर एक साथ सकारात्मक प्रयास करना होगा। सरकार की योजनाओं से समाज का अंतिम व्यक्ति जब तक वंचित रहेगा तब तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने के सपने को हम साकार नहीं कर सकते। केंद्र में मोदी एवं यूपी में योगी के द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है। वह समाज के अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर ही संचालित की जा रही है। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने कहा कि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के रास्ते पर चलते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मक मानववाद एवं अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री डा आर डी सिंह,ब्लॉक प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव, जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला, क्षेत्रीय पिछड़ा मोर्चा महामंत्री मनोज सिंह,जिला पंचायत सदस्य मनोज गुप्ता, रोहित शुक्ला,अवधेश शुक्ला, सूर्य नाथ विश्वकर्मा,वीडियो रमेश शुक्ला, राम मणि उपाध्यक्ष,पवन शुक्ला समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।



## श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा

प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। 22 जनवरी 2024 को होने वाली श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में विशाल शोभायात्रा देवकली ब्लाक के ग्राम सभा रामपुर- मांझा अघोचार्य बाबा कीनाराम आश्रम से बड़ी धूमधाम के साथ रामलीला समिति के द्वारा निकल गई जिसमें ग्राम वासियों के साथ क्षेत्र के सभी लोग तेज बहादुर, सिंह पप्पू, सिंह रानू सिंह ,राकेश राय ,अमित विश्वकर्मा ,जयनाथ सिंह, पप्पू पांडे, पीयूष पांडे, प्रवीण सिंह, धर्मेंद्र राम, पीयूष पांडे, सोनू यादव, खुशबू अरुण सिंह यादव आदि लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित थे जिसमें भगवान श्री रामचंद्र जी माता जानकी लक्ष्मण जी और हनुमान जी रथ पर विराजमान थे डीजे के साथ टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन भगवा झंडा लिए हुए रामपुर - मांझा से चौचकपुर नंदगंज पहाड़पुर होते हुए रामपुर- मांझा बाबा कीनाराम आश्रम में झांकी का विश्राम हुआ।

## ९5 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया स्वच्छता अभियान एवं बांटा कंबल



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। हिमांशु नागपाल आईएएस मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी के दिशा निर्देश में सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौध रोपण के तहत उनके संयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा गोद लिए ग्राम सभा कुरहुआ में स्वच्छता अभियान चलाया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी जिले के सीडीओ हिमांशु नागपाल थे उनके साथ गंगा समग्र के युवा वाहिनी के प्रांतीय अध्यक्ष सौरभ सिंह पटेल (चिंटू), 95 बटालियन के अनिल कुमार दिशा निर्देश में निरीक्षक प्रिंस सिंह, प्रवीण सिंह व 95 की टीम, प्रांजल मिश्रा, राहुल पटेल, काशी विद्यापीठ के बीडीओ ग्राम सभा के प्रधान और बड़ी संख्या में गंगा समग्र के कार्यकर्ता, सृजन संस्था के सदस्य और 95 बटालियन के सम्मानित अधीनस्थ अधिकारी व जवान व ग्रामीण बंधु उपस्थित थे` स्वच्छता कार्यक्रम के उपरान्त कुरहुआ ग्राम पंचायत भवन पर मुख्य अतिथि के द्वारा सृजन संस्था के तत्वावधान में ग्रामीण महिलाओ को कंबल वितरण भी किया गया` मुख्य अतिथि द्वारा मोदी जी द्वारा हो रहे विकास कार्यो को और उनके द्वारा चल रहे योजनाओं को बताया गया सामजिक संस्था सृजन के संयोजक अनिल सिंह द्वारा माँ गंगा को स्वच्छ रखने व अपने गांव को भी स्वच्छ रखने का सभी को शपथ भी दिलवाया गया।

## देशी शराब की दुकान के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन दिया ज्ञापन

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां तहसील अन्तर्गत हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सिधौली में आवंटित देसी शराब कि दुकान कबिसा में खोले जाने के खिलाफ 18 जनवरी दिन वृहस्पतिवार को पुर्व प्रभारी/प्रत्याशी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में दर्जनों कि संख्या एकत्रित लोगों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन। मिली जानकारी के अनुसार हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिधौली के नाम से आवंटित देसी शराब की दुकान आवंटित स्थान से 3 कि.मी.दूर कबिसा में चलाया जा रहा है जहां सुबह 6 बजे से ही ब्रिक्री चालू हो जाता है। जिसके कारण आए दिन शराबियों द्वारा विवाद किया जाता है, जिसके कारण रहने वाले लोगों को समस्या हो रही है। तथा ग्रामीणों में आक्रोश है तहसीलदार सहजनवां को दिये ज्ञापन के माध्यम से दिलीप मौर्य ने मामले को गंभीरता से लेकर उक्त दुकान को आवंटित स्थान पर करने कि मांग कि है, प्रदर्शन करने वालों में रामभजन शर्मा, उमेश मौर्य, शिवदयाल यादव, दुर्गेश यादव, संजय कुमार, क्रिशचन्दं, राहुल सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। उक्त सन्दर्भ में बात करने पर तहसीलदार सहजनवां भानु प्रकाश सिंह ने कहा कि जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया जायेगा।




## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरण शिविर आयोजित

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। इंडिया ग्लाइकाल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन और शैलेन्द्र पांडेय प्लांट हेड सर के नेतृत्व में आईजीएल फैक्ट्री परिषर में आईओसीएल के सहयोग से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एस के शुक्ल ने कहा की माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृतव में देश नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओ के ससक्तिकरण में काफी बल मिला है।और सभी महिला कर्मचारियों से अनुरोध किया की इस योजना के तहत आप लोग पंजीकरण कराकर अपना नया गैस कनेक्शन अवश्य प्राप्त करें।और दूसरों को भी प्रोत्साहित करे की वो भी इस शिविर का लाभ उठायें. इस शिविर में कुल 72 महिलाओ ने नए गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया और कंपनी के द्वारा लगाए गए इस शिविर की सराहना भी की. प्लांट हेड ने बताया कि यह शिविर अभी दो दिनो तक और लगेगा और जिन महिलाओं का आवेदन अभी नही हुआ है वो अगले दो दिनों में करवा कर लाभान्वित हो सकती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेश चंद हेड इंजीनियरिंग, ए के सिंह यूटिलिटी हेड, अतुल पांडेय डिस्पैच हेड,अरुण चतुवेर्दी, ह्दयेश त्रिपाठी और अखिलेश कुमार शुक्ल ० प्रशाशनिक विभाग के कर्मचारी और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 20 को

प्रखर पिंडरा वाराणसी। जवाहर नवोदय विद्यालय गजोखर में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 20 जनवरी को होगी। जिसमें 6799 छात्र शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य नागेश मिश्रा ने बताया कि 20 जनवरी को सुबह 11 बजे से डेढ़ बजे तक जिले के 18 केंद्रों पर उक्त प्रवेश परीक्षा होगी। जिसकी तैयारी पूरी करने के साथ प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। किसी भी छात्र का प्रवेश पत्र न मिल पाया हो तो वह नवोदय विद्यालय से ले सकता या फिर वेबसाइट पर डाऊनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ आधार की प्रति लेकर उपस्थित होना होगा।

### अयोध्या में रामलला के स्थापना पर पिंडरा क्षेत्र में भी होंगे विविध कार्यक्रम

प्रखर पिंडरा वाराणसी। अयोध्या में रामलला के अपने भवन में विराजमान होने तैयारी अयोध्या में ही नही बल्कि गाँव गाँव मे हो रही है। एक तरफ जहां एक चिकित्सक ने दो दिनों तक जांच व ओपीडी निशुल्क करने की घोषणा की । वही दूसरी तरफ एक पान दुकानदार ने उस दिन पूरे दिन निशुल्क पान खिलाने की घोषणा की। इसके अलावा प्रत्येक गांव में जश्न व अखंड रामायण पाठ के साथ भंडारा रखा गया है। फूलपुर स्थित अनमोल पाली क्लिनिक के चिकित्सक डॉ रंगनाथ दुबे व डॉ संगीता दुबे ने घोषणा की है कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 21 व 22 जुलाई को निशुल्क खून व अल्ट्रा साउंड के साथ ओपीडी की सेवा देंगे। वही फूलपुर के चौरसिया पान भण्डार के मुन्ना चौरसिया प्राण प्रतिष्ठा के दिन निशुल्क पान रामभक्तों को खिलाएंगे। इसके अलावा रामपुर में भी अखंड रामायण पाठ, शोभायात्रा, भंडारा के साथ रात्रि जागरण के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा, खलिसपुर, मंगारी, गरथमा, ओदार, कुआर व नेवादा समेत अनेक बाजारों व गांवों में विविध कार्यक्रम होंगे। करखियाव स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में उद्यमियों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## जेट स्ट्रीम हवाएं बढ़ा रही हैं उत्तर भारत में शीत लहर की स्थिति

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर 140-160 नॉट की जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं, जिससे शीत लहर की स्थिति बढ़ेगी। इन क्षेत्रों में अगले पांच दिनों तक शीत लहर जारी रहने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने दैनिक बुलेटिन में कहा कि पंजाब के कई हिस्सों और हरियाणा-चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2-5 डिग्री सेल्सियस के बीच था। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ के कुछ हिस्सों में यह 6-10 डिग्री के बीच रहा।

**आईएमडी के अनुसार पांच दिनों तक शीत लहर जारी रहने की संभावना**



आईएमडी ने कहा, उत्तर पश्चिम और आसपास के पूर्वी भारत के कई हिस्सों में ये सामान्य से 1 से 3 डिग्री तक नीचे हैं। बुधवार को अमृतसर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 2 डिग्री दर्ज किया गया। विभाग ने आगे कहा कि बुधवार देर रात से शनिवार सुबह तक पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ के कुछ हिस्सों में अलग-अलग इलाकों में बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ के कुछ हिस्सों में बुधवार और शुक्रवार को बहुत ठंडे दिन जारी रहने की संभावना है और शनिवार और रविवार को कुछ हिस्सों में भी ठंडे दिन की स्थिति बनी रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, बुधवार को पूवी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गंभीर ठंडे दिनों की स्थिति जारी रहने की संभावना है और गुरुवार और शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में ठंडे दिन की स्थिति बनी रहने की संभावना है। जबकि बुधवार और रविवार के दौरान बिहार के अलग-अलग इलाकों में कोल्ड डे की स्थिति जारी रहने की भी संभावना है। बुधवार और शुक्रवार के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में शीत लहर से गंभीर शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है और वहीं शनिवार और रविवार को शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में, शनिवार और रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और शुक्रवार और रविवार के दौरान उत्तरी राजस्थान में शीत लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। -

## लाल सागर संकट गहराया

**ब्रसेल्स (वार्ता)।** बेल्जियम के तटीय शहर एंटवर्प में स्थित यूरोप के दूसरे सबसे बड़े बंदरगाह ने कहा है कि लाल सागर संकट के कारण जहाज के आने में देरी और बंदरगाह संचालन में व्यवधान संभव है। हालांकि ऐसा अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। बंदरगाह ने आरआईए नोवोस्ती को बताया, जहाजरानी कंपनियां सात से 10 दिनों की देरी की रिपोर्ट कर रही है। कंटेनर जहाज यातायात सबसे अधिक प्रभावित है जबकि अन्य श्रेणियों के जहाज कम प्रभावित हुए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम फिर से कम विश्वसनीय होते जा रहे हैं जिससे टर्मिनल संचालन और भीतरी इलाकों में अक्षमता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**यूरोप के दूसरे सबसे बड़े बंदरगाह आरआईए नोवोस्ती ने जहाजों के आवागमन में व्यवधान की चेतावनी दी**

बंदरगाह प्राधिकरण ने कहा कि किरायों में कंटेनरों के लिए संभावित रूप से 60 फीसदी से अधिक की वृद्धि हो रही है, जबकि बीमा प्रीमियम में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बंदरगाह ने कहा कि इस बीच दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन से गुजरने पर कंटेनर लंबे समय तक पारगमन में रहते है। नवंबर 2023 में हाउती विद्रोहियों के नाम से जाने जाने वाले यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन ने धमकी दी कि जब तक इस्राइल गाजापट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता तब तक वह जहाजों पर हमला जारी रखेगा। दिसंबर में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने लाल सागर में नेविगेशन को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय ऑपरेशन की स्थापना की घोषणा की। पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने सना की राजधानी सहित यमन के विभिन्न हिस्सों में हाउती ठिकानों पर हवाई हमले किए। पिछले हफ्ते यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने हूती से संयम बरतने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि देशों को अपने जहाजों को हमलों से बचाने का अधिकार है।

### तीन जापानी कंपनियों ने रोका जहाजों का परिवहन

**तोक्यो (वार्ता)।** जापानी शिपिंग कंपनियां निप्पॉन युसेन, मित्सुई ओ.एस.के. लाइन (एमओएल) और कावासाकी किसेन ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बीच सभी मालवाहक जहाजों के लिए लाल सागर के माध्यम से अपने परिवहन मार्गों को निलंबित कर दिया है। जापानी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि पहले केवल इस्राइल से जुड़े जहाजों पर लागू होने वाली रोक अब सभी मालवाहक जहाजों पर लगा दी गई है। कथित तौर पर कंपनियां दक्षिण अफ्रीका में केप ऑफ गुड होप के आसपास अपने जहाजों का मार्ग बदल रही हैं जिसका मतलब है अधिक कीमत पर लंबे मार्ग से शिपिंग। नवंबर 2023 में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन यानी हाउती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई बंद करने तक इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की चेतावनी दी है। तब से कई शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर और स्वेज नहर के माध्यम से अपने पारगमन को निलंबित करने की घोषणा की है।

## संक्षिप्त खबरें

### थाइलैंड : पटाखा फैक्टरी में धमाके में 15 की मौत

**बैंकॉक।** मध्य थाईलैंड स्थित पटाखा फैक्टरी में बुधवार को हुए धमाकों के कारण 15 लोगों की मौत हो गई है। बचावकर्मियों ने यह जानकारी दी। सुमेरकुन सुफान बरी रेस्क्यू फाउंडेशन के क्रिट्सादा मैनी ने बताया कि बचावकर्मी मृतकों की सटीक संख्या की पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अनुमान है कि 15 से 17 लोगों की मौत हुई है। स्थानीय बचावकर्मियों द्वारा ऑनलाइन जारी तस्वीरों में दिख रहा है कि फैक्टरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है।

### दक्षिण नाइजीरिया में भीषण विस्फोट, दो मरे, 77 घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के इबादान शहर में मंगलवार रात हुए भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 77 अन्य घायल हो गए। इबादान के गवर्नर ने बुधवार को कहा कि बचावकर्मी मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओयो में घनी आबादी वाले शहर इबादान में रात लगभग 7:45 बजे भीषण विस्फोट की आवाज सुनाई दी जिससे दहशत फैल गई। ओयो के गवर्नर ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोट अवैध खनन कार्यों में उपयोग के लिए रखे गए विस्फोटकों के कारण हुआ।

### फ्रांस यूक्रेन को देगा मिसाइल

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वे यूक्रेन को लंबी दूरी की और क्रूज मिसाइल और बम की आपूर्ति करने की योजना पर काम कर रहे हैं। मैक्रों ने साथ ही आगाह किया कि इस युद्ध में रूस की जीत वैश्विक व्यवस्था को कमजोर कर देगी। उन्होंने कहा, 'हम रूस को जीतने नहीं दे सकते और हमें ऐसा नहीं करना चाहिए।' फ्रांस के राष्ट्रपति अगले माह यूक्रेन की यात्रा पर जाने वाले हैं।

### समुद्र के जलस्तर में वृद्धि पर उच्च स्तरीय बैठक का प्रस्ताव

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने समुद्र के जलस्तर में वृद्धि से उत्पन्न अस्तित्व संबंधी खतरों से निपटने के लिए उच्च स्तरीय बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के अनुसार यह उचच स्तरीय बैठक 25 सितंबर को महासभा की सामान्य बहस के इतर आयोजित की जाएगी। प्रस्ताव में महासभा के अध्यक्ष से संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के साथ खुले, पारदर्शी और समावेशी परामर्श के माध्यम से संभावित परिणाम दस्तावेज सहित उच्च स्तरीय बैठक के लिए संगठनात्मक व्यवस्था को अंतिम रूप देने का अनुरोध किया गया है।

### कोहरा : नियमों का पालन नहीं करने पर विमानन कंपनियों पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयरलाइन कंपनी की ओर से कोहरे के दौरान नियमों (एसओपी) का पालन का पालन नहीं करने पर भारी जुर्माना लगाया है। कोहरे के कारण ढेर सारी उड़ानों में देरी हुई थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर जांच के उपरांत जुर्माना लगाया है। एयर इंडिया पर 30 लाख, इंडिगो पर एक करोड़ 20 लाख, स्पाइसजेट पर 30 लाख तथा एमआईएल 90 लाख का जुर्माना लगाया है। इसमें यात्रियों के हवाई पट्टी के पास खाना खाने की घटना पर मुंबई एयरपोर्ट ऑपरेटर पर 30 लाख रुपए का जुर्माना भी शामिल है।

## ईरान व पाक के बीच बढ़ा तनाव

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान ने एक दिन पहले ईरान द्वारा उसके अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी आतंकवादी समूह के ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जाने के बाद बुधवार को ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया तथा सभी आगामी उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्राएं निलंबित कर दीं।

ईरानी सरकारी मीडिया ने खबर दी कि मंगलवार को पाकिस्तान में बलूच आतंकवादी संगठन जैश-अल-अदल के दो अड्डों पर मिसाइलें दागी गयीं। उससे एक दिन पहले ईरान के 'रिवोल्युशनरी गार्ड्स' ने इराक और सीरिया में लक्ष्यों को मिसाइलों से निशाना बनाया था। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा, पिछली रात ईरान द्वारा बिना उकसावे के पाकिस्तान की संप्रभुता का

- पाकिस्तान ने मिसाइल एवं ड्रोन हमले के बाद ईरान से अपना राजदूत वापस बुलाया
- सभी आगामी उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्राएं निलंबित

खुल्लमखुल्ला उल्लंघन किया जाना अंतरराष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों का उल्लंघन है। यह गैर कानूनी कार्रवाई बिल्कुल अस्वीकार्य है और उसे किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता।

उसने कहा, पाकिस्तान को इस अवैध कृत्य का जवाब देने का हक है। इसके परिणामों की पूरी जिम्मेदारी ईरान पर होगी। उसने कहा कि पाकिस्तान ने ईरान सरकार तक यह संदेश पहुंचा दिया है। विदेश कार्यालय ने कहा, हमने उसे यह भी सूचित कर दिया है कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है और यह भी कि ईरान यात्रा पर गये पाकिस्तान में ईरान के राजदूत फिलहाल न लौटें। हमने उन सभी उच्च स्तरीय यात्राओं को भी निलंबित करने का निर्णय लिया है जो चल रही हैं या आने वाले दिनों के लिए पाकिस्तान एवं ईरान के बीच निर्धारित की गयी हैं।

### पाक ने ईरान को दी गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी

**लाहौर (भाषा)।** पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाकर ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने पर ईरान को 'गंभीर परिणाम' भुगतने की चेतावनी दी है। ईरान के इन हमलों में दो बच्चों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

ईरान की मीडिया ने बताया कि पाकिस्तान में बलूची आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को देश के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मंगलवार को मिसाइलों से निशाना बनाया। यह कार्रवाई इराक और सीरिया में किए गए हमलों के एक दिन बाद की गई। पश्चिम एशिया में हमास और इस्राइल के युद्ध के कारण में पहले से ही स्थिति तनावपूर्ण है, ऐसे में ईरान के इन हमलों ने चिंता और बढ़ा दी है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने कहा, पाकिस्तान में जैश अल-धुल्म (जैश अल-अदल) आतंकवादी समूह के दो प्रमुख ठिकानों को विशेष रूप से लक्षित किया गया और सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया गया।

## वैश्विक नेतृत्व भी मोदी के फिर से पीएम बनने को लेकर आश्वस्त

**दावोस (भाषा)।** वैश्विक नेतृत्व भारत में इस साल होने वाले आम चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिर से सत्ता में आने को लेकर आश्वस्त है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 2024 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कहा कि विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष (बोर्गे ब्रेंडे) ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि वह 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को दावोस में पुनः आमंत्रित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह तथ्य बहुत कुछ बताता है कि वैश्विक वित्तीय नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी का दावोस में फिर से स्वागत करने को लेकर उत्सुक है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद वैश्विक नेता ऐसे समय में उदार और विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की बात कर रहे हैं, जब कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं की हालत खराब है और समग्र भू-राजनीतिक परिदृश्य विखंडित है। मोदी ने 2018 में यहां डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में भाग लिया था। उन्होंने 2021 और 2022 में वैश्विक



**केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी डब्ल्यूईएफ वार्षिक बैठक में कर रही हैं भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व**

नेताओं की इस सभा को डिजिटल तरीके से संबोधित किया था। डब्ल्यूईएफ की बैइक में विश्व भर की सरकारों, व्यवसायों, शिक्षा जगत, कला जगत और संस्कृति जगत और नागरिक समाज के लगभग 3 हजार नेता भाग ले रहे हैं। ईरानी ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी न केवल नीतिगत सुधारों को लेकर बल्कि यह सुनिश्चित करने को लेकर भी दृढ रहे हैं कि हमारी विकास गाथा में सामाजिक क्षेत्र को नजरअंदाज न किया जाए।' मंत्री ने कहा कि समावेशी विकास एजेंडे में भारत के योगदान को दावोस में सराहा जा रहा है।

उन्होंने कहा, 'आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) क्षेत्र में हमारी डिजिटल क्षमता के अलावा यह तथ्य भी दावोस में चर्चा का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को दिखाया है कि डिजिटल लोकतंत्र कैसे काम करता है।' ईरानी ने कहा कि दुनिया देख रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के शासन के एजेंडे के तहत भारत में कैसे सामाजिक क्रांति लाई गई और विश्व इसका अनुकरण करना चाहता है।

एआई (कृत्रिम मेधा) के जरिए गलत सूचना और दुष्प्रचार को दुनिया के समक्ष प्रमुख जोखिम के तौर पर उल्लेख किये जाने पर, ईरानी ने कहा कि भारत ने लोगों को शामिल करने और यह सुनिश्चित करने के लिए मजबूत प्रणाली बनाई है कि उन्हें (लोगों को)फर्जी खबरों के खतरे के बारे में अच्छी तरह से जानकारी मिले। साथ ही कहा कि सरकार और मीडिया दोनों किसी भी गलत सूचना और दुष्प्रचार का भंडाफोड़ करने को लेकर भागीदारी कर रहे हैं।

## रामास्वामी टीम के साथ काम करते रहेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उनके पूर्व रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी लंबे समय तक उनकी टीम के साथ काम करते रहेंगे। रामास्वामी ने आयोवा रिपब्लिकन कॉकस में केवल आठ प्रतिशत के वोट हासिल करने के बाद अपना अभियान निलंबित कर दिया। ट्रंप ने 51 प्रतिशत वोटों के साथ रिपब्लिकन नामांकन के लिए राज्य का समर्थन हासिल करने में कामयाब रहे। ट्रंप ने न्यू हैम्पशायर राज्य में कहा, विवेक रामास्वामी लंबे समय तक हमारे साथ काम करेंगे। रामास्वामी आगामी चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए न्यू हैम्पशायर में ट्रंप की अभियान रैली में उपस्थित थे।

विवेक 2024 के पूर्व उप संचार निदेशक स्टीफन मायचाजली ने बताया कि वह इस बात पर अटकलें नहीं लगाएंगे कि ट्रंप अपनी टीम के साथ रामास्वामी को किस भूमिका में लेने की योजना बना रहे है। विवेक अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, एक ऐसा उद्देश्य जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अमेरिकी सपने की सुंदरता को बहाल करेगा।

## उप्र : सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस-सपा के बीच बैठक

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति ने दिल्ली में समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की है। यह बैठक करीब 2 घंटे चली है।

- सीट वार हुई चर्चा, अगली बैठक शीघ्र

बैठक में समाजवादी पार्टी की ओर से रामगोपाल यादव, जावेद अली, संग्राम सिंह और उदयवीर सिंह पहुंचे थे जबकि कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अशोक गहलोत, मोहन प्रकाश मौजूद रहे। बैठक के बाद रामगोपाल यादव और सलमान खुर्शीद ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। बैठक गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक के आवास पर हुई थी। बैठक के बाद सपा नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि हमने आधा रास्ता तय कर लिया है और बाकी आधा रास्ता भी जल्द ही तय कर लिया जाएगा। दूसरी तरफ बैठक में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि अभी हमने एक दूसरे के समक्ष अपनी राय रखी है और हमने विस्तार से हर एक सीट की तुलना और उसका विवरण दिया है। उम्मीद है कि कुछ और प्रतिक्रियाएं मिलेंगी। सलमान खुर्शीद ने पत्रकारों से कहा, अभी फैसले नहीं हुए है। एक दूसरे के समक्ष अपनी-अपनी लिस्ट रखी है। एक दूसरे के साथ विस्तार से हर सीट की डीटेल शेयर की है। उसके बाद हम फाइनल स्टेज पर चर्चा कर पाएंगे। सभी सीटों पर न कांग्रेस लड़ेगी और न सपा लड़ेगी। जिन सीटों पर हमारी दिलचस्पी है हमने उसकी जानकारी साझा की है। राम गोपाल के आधा रास्ता तय करने के बयान पर खुर्शीद ने कहा, आधी सीटों की बात नहीं है।

### इस साल गणतंत्र दिवस परेड का थीम आत्मनिर्भरता

**नई दिल्ली।** भारतीय व्यापारिक जहाजों को समुद्री डकैती से बचाने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत को तैनात किया गया है। यदि जरूरत पड़ी और ज्यादा युद्धपोत तैनात किए जाएंगे।

- थीम का दूसरा हिस्सा 'नारी शक्ति' होगा : वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह

गणतंत्र दिवस परेड को लेकर नौसेना की तैयारियों के बाबत जानकारी देते हुए वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने कहा, इस बार का थीम 'आत्मनिर्भरता' और 'नारी शक्ति' है। इस बार कंटेनजेंट में 50 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। नौसेना की झांकी में स्वदेशी तरीके से तैयार आईएनएस विक्रांत को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा, नौसेना में कुल 600 महिला अधिकारी हैं। यह संख्या आगे बढ़ने वाली है। महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को भी धीरे-धीरे स्थाई कमीशन दिया जा रहा है। करीब 1000 महिला अग्निवीर नौसेना में शामिल की गई हैं।

वाइस एडमिरल ने कहा, भारतीय नौसेना की प्रमुख भूमिका हमारे समुद्री हितों की रक्षा करना है। इसमें समुद्री मार्गों से होने वाले व्यापार की रक्षा करना भी शामिल है।

## रूस ने यूक्रेन के विल्खा रॉकेट और ड्रोन को नष्ट किया



**मॉस्को (वार्ता)।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलग्राद क्षेत्र में रात भर में यूक्रेन के सात विल्खा रॉकेट और चार मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रा ने बुधवार को यह जानकारी दी। बेलग्राद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा शहर में सात यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया। प्रारंभिक जानकारी से पता चला कि कोई हताहत नहीं हुआ। 17 जनवरी को, तड़के लगभग 2.40 बजे कीव शासन द्वारा विल्खा मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम और यूएवी का उपयोग करके रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्य पर हमला करने का प्रयास किया गया था, जिसे नाकाम कर दिया गया।

## अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र को सुधारवादी बताया

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि कोऑपरेटिव सेक्टर (सहकारिता क्षेत्र) खुद भी रिवाइव होना चाहता है और सुधारों का स्वागत करता है। यह बात उन्होंने दिल्ली में सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक कार्यालय (सीआरसीएस) के नए भवन का उद्घाटन करने के मौके पर कही।

सहकारिता मंत्री ने कहा, अगर सहकारिता क्षेत्र अपनी विश्वसनीयता खो देता है तो विस्तार तो होगा ही नही, साथ ही उसके अस्तित्व का संकट भी सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा, मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाटीज़ के लिए बनाए गए नए कानूनों को सभी राज्यों ने राजनीति से ऊपर उठकर स्वीकार किया और सहयोग किया है। इससे सहकारिता क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

अमित शाह ने कहा, मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी से संबंधित एडमिनिस्ट्रेशन, कम्युनिकेशन और पारदर्शिता में कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने 'कलेक्टिव प्रॉसपेरिटी : द लीगेसी ऑफ इंडियन को-ऑपरेटिव' नाम की पुस्तक का भी विमोचन किया। सहकारिता मंत्री ने कहा, भारतीय भाषाओं में इस पुस्तक का अनुवाद होने के बाद इसकी स्पिरिट को हमें प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) और सभी छोटी से छोटी इकाइयों तक पहुंचाने के प्रयास करने चाहिए।



उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में लाए गए सभी सुधारों में सभी राज्यों ने राजनीति से ऊपर उठकर सहकारिता मंत्रालय को समर्थन दिया है। ऐसे समय में सहकारिता क्षेत्र में एक नया आत्मविश्वास पैदा करने की ज़रूरत है। सहकारिता मंत्री ने कहा, ये पुस्तक पूरे सहकारिता क्षेत्र में आत्मविश्वास भरने में बहुत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने पिछले 30 महीनों में 60 पहल की है और पिछले 9 वर्षों में मोदी जी ने सहकारिता क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी भूमिका बनाकर हमारे सामने रखी है। उन्होंने कहा, मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी के तहत हर संस्था का उपभोक्ता कमोबेश मध्यम वर्ग, उच्च-मध्यम वर्ग और गरीब तबके का है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने पिछले 9 सालों में सभी ज़रूरी सुविधाएं देकर देश के करोड़ों गरीबों के जीवन को बहुत सरल बना दिया है। इन करोड़ों गरीबों को पूंजी के बिना देश के विकास में योगदान देने में सक्षम बनाने की क्षमता सिर्फ सहकारिता में है।

- सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक कार्यालय भवन का किया उद्घाटन
- मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाटीज के नए कानूनों का सभी राज्यों ने राजनीति से ऊपर उठकर समर्थन किया

उन्होंने कहा, सहकारिता क्षेत्र में मानवता के साथ सभी व्यवस्थाएं बनाने की क्षमता है। अमित शाह ने कहा, पिछले 2 वर्षों में सहकारिता क्षेत्र में कई अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा, देश सहकारिता के हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। सहकारिता मंत्री ने कहा, मोदी सरकार का लक्ष्य है कि देश में 2 लाख नए पीएसीएस पंजीकृत हों। अब तक 12000 से ज्यादा पीएसीएस पंजीकृत हो चुके है और समय पूर्व ही हम इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

आमित शाह ने कहा, मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटीज को बैंक में परिवर्तित होने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा, 2020 में 10 मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ पंजीकृत हुई थीं और 2023 में 102 नई मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी पंजीकृत हुई है, यानी 10 गुना वृद्धि। सहकारिता मंत्री ने कहा, इस परिवर्तन को हमें और गति देनी है। हमें इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए जिससे ज्यादा से ज्यादा बैंक मल्टीस्टेट बनें और ज्यादा से ज्यादा मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज और क्रेडिट सोसाइटी बैंक में परिवर्तित हों।

## राम मंदिर को लेकर दावोस में भी धूम

**दावोस (भाषा)।** अयोध्या स्थित राम मंदिर को लेकर विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान स्विट्जरलैंड के स्की रिसॉर्ट शहर दावोस में भी काफी गहमागहमी देखने को मिल रही है। श्रद्धालु यहां आगामी सोमवार को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राम भजन आयोजित करने और दीये जलाने की योजना बना रहे हैं।

- प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राम भजन और दीये जलायेंगे भारतीय
- केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से मिला प्रतिनिधिमंडल

इसके अलावा सरकारी और निजी क्षेत्र के कई वैश्विक कारोबारी लोग भारतीय प्रतिनिधिमंडल से इस संबंध में जानकारी हासिल कर रहे हैं। ये लोग उत्तर प्रदेश के शहर अयोध्या को एक बड़े धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से सृजित कारोबारी और अवसरंचना संबंधी अवसरों के बारे में जानना चाहते हैं। डब्ल्यूईएफ वार्षिक बैठक-2024 से इतर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वह श्रद्धालुओं के एक समूह से मिली जिसने उनसे पूछा कि क्या वे भी राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह मना सकते हैं। उन्होंने कहा, यहां कुछ राम भक्तों ने मुझसे एक संदेश रिकॉर्ड करने के लिए कहा ताकि यहां के समुदाय को राम भजन करने और 22 जनवरी को दीये जलाने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने कहा, 'हर धर्म का सम्मान करते हुए हमने लंबे समय तक प्रतीक्षा की कि भगवान घर आएंगे।'

## खबर संक्षेप

### एचएसबीसी ने देश में अपनी सबसे बड़ी शाखा खोली




**नई दिल्ली।** एचएसबीसी इंडिया ने भारत में अपनी सबसे बड़ी शाखा खोलने की घोषणा की है। एचएसबीसी इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में स्थित यह शाखा 8,300 वर्ग फुट में फैली है। बैंक का इरादा क्षेत्र के समृद्ध लोगों को अपने साथ जोड़ने का है। यह एचएसबीसी इंडिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### स्टार्टअप रैंकिंग में ओडिशा 'शीर्ष प्रदर्शन' करने वाला राज्य


**भुवनेश्वर।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की राज्य स्टार्टअप रैंकिंग के चौथे संस्करण में ओडिशा को 'शीर्ष प्रदर्शन' करने वाला प्रदेश के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ओडिशा के अलावा महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना को 'शीर्ष प्रदर्शन' राज्यों के रूप में स्थान दिया गया है। वहीं गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन' करने वाले राज्य रहे हैं। यह रैंकिंग मंगलवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जारी की।

### निजी अस्पताल श्रृंखलाएं 32500 करोड़ करेंगी निवेश




**नई दिल्ली।** देश में निजी अस्पताल श्रृंखलाएं अगले 4-5 वर्षों में 32,500 करोड़ रुपये का निवेश कर सकती हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को यह अनुमान जताया। इस निवेश से निजी अस्पतालों की क्षमता में करीब 30,000 बिस्तरों की बढ़ोतरी होगी। 2023-24 के दौरान सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों के अस्पताल करीब 65 प्रतिशत तक भरे रहेंगे।

### बीते साल 5.2% की दर से बढ़ी चीन की अर्थव्यवस्था



**हांगकांग।** चीन की अर्थव्यवस्था बीती अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में काफी तेज रफ्तार से बढ़ी है। इससे चीन सरकार का 2023 में पांच प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर का लक्ष्य पार हो गया है। आर्थिक पुनरुद्धार अभी 'असमतल' है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चीन की अर्थव्यवस्था 2023 में 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

### नोवा एग्रीटेक का आईपीओ 22 जनवरी को खुलेगा

NOVA AGRI TECH LTD.

**नई दिल्ली।** नोवा एग्रीटेक लिमिटेड ने अपने 144 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 39-41 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी का आईपीओ 22 जनवरी को खुलकर 24 जनवरी को बंद होगा। आईपीओ के तहत 112 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### सोना 400 रुपए टूटा, चांदी 600 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये के गिरावट के साथ 75,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। वैश्विक बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,024 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी का भाव भी नुकसान के साथ 22.70 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# फिच ने बरकरार रखी भारत की रेटिंग, सबसे तेज बढ़ती रहेगी इकोनॉमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की रेटिंग बरकरार रखी है। फिच का अनुमान है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि साल 2024 में संतुलित रहेगी। फिच ने कहा कि भारत अगले कुछ सालों तक दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने भारत के लिए 'बीबीबी -'की रेटिंग बरकरार रखी है। साथ ही फिच ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2024 में 6.9 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान भी जताया है।

- भारत के वित्त वर्ष 2024 में 6.9 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान

रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत को लेकर कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था स्थिर रहेगी। भारत की लॉन्ग टर्म फॉरेन करेंसी आईडीआर 'बीबीबी -' रहेगी। साथ ही उम्मीद जताई कि कई सालों तक देश की इकोनॉमी प्रगति पर रहेगी।

## फिच ने भारत के लिए बीबीबी माइस की रेटिंग बरकरार रखी

### महंगाई में आ सकती है और कमी

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, देश में महंगाई का आंकड़ा थमा हुआ है। हमारा अनुमान है कि महंगाई वित्त वर्ष 2024 के अंत तक घटकर 4.7 फीसदी रह जाएगी, जो कि दिसंबर, 2023 में 5.7 फीसदी रही थी। इसके अलावा फिच ने अनुमान जताया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पॉलिसी रेट में 75 बेसिस प्वॉइंट की कटौती कर सकती है।




### देश में प्राइवेट इनवेस्टमेंट की कोई कमी नहीं रहेगी

निवेश के मोर्चे पर फिच ने कहा कि देश में प्राइवेट इनवेस्टमेंट की कोई कमी नहीं रहेगी। आर्थिक वृद्धि में निवेश एक अहम रोल निभाने जा रहा है। भारत में प्राइवेट इनवेस्टमेंट धीरे-धीरे बढ़ता जाएगा। घरेलू बचत का आंकड़ा कम होने की वजह से खपत में भी सुधार आएगा।

### महिलाओं के लिए रोजगार पैदा करना बेहद जरूरी

फिच ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बैंकों की मजबूत स्थिति और कॉरपोरेट बैलेंस शीट में सुधार से निवेश के लिए सकारात्मक माहौल बना रहेगा। हालांकि, फिच ने लेबर मार्केट को लेकर चिंता भी जताई है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है। ये महिलाओं के रोजगार के लिए सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो आउटलुक पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है।

## सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी के करीब रही गिरावट

# एचडीएफसी बैंक का बुरा हाल, आठ फीसदी टूटा शेयर, निवेशकों के एक लाख करोड़ रुपए साफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में निवेश करने वाले इन्वेस्टर्स के लिए बुधवार का दिन बेहद बुरा साबित हुआ। एक ओर जहां सेंसेक्स 1600 अंक से ज्यादा तक टूटा, वहीं निफ्टी ने भी 450 अंकों से ज्यादा का गोता लगा दिया। मार्केट में आए इस भूचाल के बीच निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा साफ हो गए। सबसे ज्यादा नुकसान देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी बैंक को हुआ, क्योंकि बैंक ने तीन महीने में जितना कमाया उसका पांच गुना से ज्यादा एक झटके में साफ हो गया।

बाजार में दिनभर चले गिरावट के सिलसिले के बीच सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक के निवेशकों को उठाना पड़ा है। दरअसल, कंपनी के शेयर 8 फीसदी से ज्यादा फिसल गए। कारोबार के आखिरी घंटे में एचडीएफसी बैंक स्टाक में तेज गिरावट दर्ज की गई और ये बीएसई पर 8.57 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ 1535 रुपए के लेवल पर आ गया था।

### 1528 के लेवल को छुआ शेयर

एचडीएफसी के शेयर ने पूरे दिन लाल निशान पर कारोबार किया. सुबह 9.15 बजे पर ये 1570 रुपए के लेवल पर ओपन हुआ था और इसने 1528 रुपए के लो लेवल को छुआ। बैंक के शेयरों में आई इस गिरावट के चलते इसके निवेशकों को 100,000 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ा है।

### एचडीएफसी बैंक के शेयर में गिरावट की वजह

अंतरराष्ट्रीय मार्केट में गिरावट की वजह से भारतीय बाजार में भी भूचाल आया और बता दें कि एचडीएफसी बैंक देश का सबसे बड़ा बैंक है, बैंक निफ्टी में सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक का वेटेज है। इसमें गिरावट की बड़ी वजह पर गौर करें, तो बीते कारोबारी दिन मंगलवार को बैंक ने अपने दिसंबर तिमाही के जो नतीजे पेश किए थे, वो शेयर बाजार को पसंद नहीं आए. इस वजह से आज मार्केट ओपन होते हुए एचडीएफसी बैंक शेयर में गिरावट हावी हुई और धीरे-धीरे ये बढ़ती गई।




- एचडीएफसी बैंक आठ फीसदी से अधिक लुढ़का
- बैंक ने तीन माह में जितना कमाया उसका पांच गुना ज्यादा गंवाया

### बैंक निफ्टी 2000 अंक फिसला

बुधवार को बैंक निफ्टी 2000 अंक या 4.22 फीसदी तक टूट गया। अगर गिरावट वाले शेयरों की बात करें, तो एचडीएफसी बैंक से अलावा इंडियन एनर्जी एक्सचेंज का स्टॉक करीब 10 फीसदी टूटकर 147.85 रुपए प्रति शेयर पर पहुंच गया। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो 4.46% फिसलकर 127.60 रुपये प्रति शेयर, फिनोनेक्स इंडस्ट्रीज 3.82% की गिरावट लेकर बंद हुआ।

### घटकर यहां पर पहुंचा मार्केट कैप

बीते कारोबारी दिन मंगलवार को एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैपिटलाइजेशन बाजार बंद होने पर 12,74,740.22 करोड़ रुपए दर्ज किया गया था, लेकिन बुधवार को ये घटकर 11.68 लाख करोड़ रुपए रह गया। इस हिसाब से देखें तो कंपनी की वैल्यू एक दिन में ही 106740.22 करोड़ रुपए कम हो गई।

### नुवाना ने डाउन ग्रेड किया शेयर

एचडीएफसी बैंक स्टॉक के शेयरों पर में गिरावट की और भी कई वजह मानी जा सकती हैं। जैसे कि नुवामा की ओर से बैंकिंग शेयर को डाउनग्रेड किया गया है। इसने एचडीएफसी बैंक का टारगेट प्राइस 1770 रुपए से घटाकर 1730 रुपए कर दिया है। इसके अलावा फिलिप कैपिटल ने कहा है कि एचडीएफसी बैंक के नतीजे बैलेंस शीट में अतिरिक्त लिक्विडिटी की कमी के अनुरूप रहे, लेकिन ये स्थिति बैंक के लिए जमा जुटाने में चुनौती पैदा कर रही है।

### जितना 3 महीने में कमाया, एक झटके में गंवाया

एचडीएफसी बैंक के शेयर में ये गिरावट इसलिए भी हैरान करने वाली है, क्योंकि बीते कारोबारी दिन मंगलवार को ही कंपनी ने अपने दिसंबर तिमाही के नतीजे घोषित किए थे, जो कि बेहद शानदार रहे थे। एचडीएफसी बैंक के तीसरे तिमाही के परिणाण पर नजर डालें, तो दिसंबर तिमाही में बैंक के नेट प्रॉफिट में 34 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस हिसाब से तीन महीने में एचडीएफसी बैंक ने 16,372 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। जबकि, एक ही दिन के कारोबार में कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 100,000 करोड़ रुपए घट गया।

# घरेलू निवेशकों ने अदाणी समूह की कंपनियों में निवेश बढ़ाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में समूह की पांच कंपनियों में किया निवेश
- शेयरधारकों का आधार पांच प्रतिशत बढ़कर 68.82 लाख हो गया

ऐसा जान पड़ता है कि घरेलू निवेशकों के लिए गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह की कंपनियों में पैसा लगाना फिर से आकर्षक बन गया है। निवेशकों ने चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अदाणी ग्रीन और अदाणी टोटल गैस समेत समूह की पांच कंपनियों में निवेश बढ़ाया है। बीएसई में उपलब्ध शेयरधारिता आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि समूह की जिन अन्य कंपनियों में तिमाही के दौरान हिस्सेदारी बढ़ाई गई है, उनमें अदाणी विल्मर और सीमेंट कंपनी अंबुजा तथा एसीसी शामिल हैं। इससे समूह को लेकर घरेलू निवेशकों के बीच सकारात्मक भावना और भरोसे का पता चलता है। आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड ने विशेष रूप से आलोच्य तिमाही में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लि. और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लि. को छोड़कर, अन्य कंपनियों में निवेश मामूली रूप से बढ़ाया या उसे बरकरार रखा है।

### डीआईआई ने अदाणी ग्रीन में हिस्सेदारी बढ़ाई

इसके अलावा, उन्होंने सितंबर तिमाही में अदाणी टोटल गैस में हिस्सेदारी को 6.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.26 प्रतिशत किया है। अदाणी विल्मर में उनकी हिस्सेदारी पिछली तिमाही के 0.01 प्रतिशत से बढ़कर 0.41 प्रतिशत, अंबुजा में 9.07 प्रतिशत से बढ़कर 9.19 प्रतिशत और एसीसी में 10.27 प्रतिशत से बढ़कर 10.72 प्रतिशत हो गयी।

# ज्यादातर पेशेवर इस साल नौकरी बदलने पर कर रहे विचार : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- लिंक्डइन ने जारी की रिपोर्ट
- पेशेवर अपने करियर में नया रास्ता चुनना चाहते हैं

प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी के बीच लगभग 88 प्रतिशत पेशेवर इस साल अपनी नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। लिंक्डइन की रिपोर्ट के अनुसार, चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल में बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की इच्छा (42 प्रतिशत) और अधिक वेतन (37 प्रतिशत) की आकांक्षा की वजह से ज्यादातर पेशेवर नौकरी बदलना चाहते हैं। लिंक्डइन की यह रिपोर्ट 24 नवंबर से 12 दिसंबर, 2023 के बीच देशभर में 1097 पूर्णकालिक या अस्थायी रोजगार में लगे पेशेवरों पर 'सेंससवाइड' के एक शोध पर आधारित है।

रिपोर्ट कहती है कि 88 प्रतिशत पेशेवर 2024 में नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। ये पेशेवर अपने करियर में नया रास्ता चुनना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल 10 में से आठ (79 प्रतिशत) पेशेवरों ने कहा कि वे अपने उद्योग या मौजूदा भूमिका से अलग अवसर की तलाश में हैं। सर्वेक्षण में शामिल 72 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा कि उन्होंने नौकरी खोजने के अपने दृष्टिकोण को बदल दिया है। अब वे वीडियो और डिजिटल बायोडाटा जैसे नए प्रारूपों का इस्तेमाल कर रहे हैं।ज्यादातर पेशेवर कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करने को भी इच्छुक हैं।

### एआई की मदद से नौकरी की तलाश अधिक प्रभावी होगी

लगभग 81 प्रतिशत पेशेवरों का कहना है कि एआई की मदद से उनकी नौकरी की तलाश अधिक प्रभावी और उत्पादक हो सकती है।

## हिंदुस्तान-228 विमान प्रदर्शित करेगी एचएएल



**हैदराबाद।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) अपने स्वदेश निर्मित हिंदुस्तान-228 विमान और उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर ध्रुव को विंग्स इंडिया-2024 के दौरान प्रदर्शित करेगी। यह एक नागर विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी है जिसका आयोजन यहां के बेगमपेट हवाई अड्डे पर 18 से 21 जनवरी तक किया जाएगा। एचएएल ने बयान में कहा कि इस आयोजन क दौरान ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) और ग्राहकों के साथ व्यावसायिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। एचएएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) सी बी अनंतकृष्णन ने कहा कि हम भारत में क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए 'मेड इन इंडिया' फिक्स्ड विंग सिविल विमान की पहल को आगे बढ़ा रहे हैं।

# यूपीआई के लिए गूगल पे ने एनपीसीआई से किया करार

- भारत के बाहर विस्तार करने के लिए किया समझौता
- भारतीय यात्री अन्य देशों में गूगल पे से भुगतान कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने यूपीआई भुगतान का भारत के बाहर विस्तार करने के लिए एक समझौता किया है।

समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत भारतीय यात्री अब अन्य देशों में गूगल पे के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। इस सुविधा से नकदी ले जाने या अंतरराष्ट्रीय भुगतान गेटवे का सहारा लेने की जरूरत खत्म हो जाएगी। गूगल पे ने बयान में कहा, एमओयू के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। सबसे पहले, यह भारत के बाहर यात्रियों के लिए यूपीआई भुगतान के उपयोग को व्यापक बनाना चाहता है, जिससे वे विदेश में आसानी से लेनदेन कर सकें।




*विदेशी व्यापारियों को भारतीय ग्राहकों तक पहुंच मिलेगी*

*इस एमओयू से यूपीआई की वैश्विक उपस्थिति मजबूत होगी, विदेशी व्यापारियों को उन भारतीय ग्राहकों तक पहुंच मिलेगी, जिन्हें अब डिजिटल भुगतान करने के लिए केवल विदेशी मुद्रा और/या, क्रेडिट या विदेशी मुद्रा कार्ड पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उनके पास भारत से गूगल पे समेत यूपीआई संचालित ऐप का उपयोग करने का विकल्प होगा।*

## बीएचईएल को ओडिशा में एनएलसी से मिला ठेका ...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने बीएचईएल को 2,400 मेगावाट अत्याधुनिक ताप विद्युत परियोजना (एसटीपीपी) स्थापित करने का ठेका दिया है। बीएचईएल ने बुधवार को बयान में कहा कि कंपनी ने प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से यह बिजली क्षेत्र का सबसे बड़ा ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी ने कहा, 'बीएचईएल को 2,400 मेगावाट की 'सुपरक्रिटिकल' ताप विद्युत परियोजना स्थापित करने का ठेका मिला है। बीएचईएल ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) आधार पर नई परियोजना के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के तहत यह ठेका जीता है।' ईपीसी अनुबंध में 800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना की तीन समान इकाइयों के लिए बॉयलर, टर्बाइन, जनरेटर और अन्य सहायक प्रणालियों जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों की इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण और इसकी शुरुआत शामिल है।

# सुमीत ग्रुप के 'शॉपिंग उत्सव' में अब तक 10712 ग्राहकों ने जीता शानदार उपहार

**रायपुर।** प्रदेश के दिग्गज व्यावसायिक समूह सुमीत ग्रुप, शुभम के-मार्ट, सुमीत ज्वेलर्स की ओर से लाई गई छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे बड़ी उपहार योजना में 10 करोड़ से अधिक के उपहार हैं। इस 'शॉपिंग उत्सव' में छत्तीसगढ़ में अब तक 10,712 ग्राहकों ने शानदार उपहार जीता है। यह मेगा फेस्टिवल ऑफर 15 अक्टूबर, 2023 से 5 मार्च, 2024 तक खरीदी पर लागू है। इस योजना के अंतर्गत सात मिनी ड्रॉ और एक बंपर ड्रॉ होने हैं। बंपर ड्रॉ 10 मार्च, 2024 को निकाला जाएगा। सुमीत ग्रुप के डायरेक्टर अशोक कांकरिया और नमित कांकरिया ने कहा कि ज्वेलरी, कपड़ा, ग्रोसरी और गृहउपयोगी जैसी सामानों की खरीदी पर दी जा रही यह अपनी तरह की छत्तीसगढ़ ही नहीं मध्यभारत में अब तक की सबसे बड़ी उपहार योजना है जिसमें 10 करोड़ से अधिक के उपहार हैं। इस उपहार योजना को लोगों का जबर्दस्त रिस्पांस मिल रहा है।

### कूपन पाने के लिए यहां करें शॉपिंग

सुमीत ज्वेलर्स, सुमीत बाजार और शुभम के-मार्ट में शॉपिंग पर यह उपहार योजना लागू है। सुमीत बाजार और शुभम के-मार्ट में 1500 रुपए की खरीदी पर लकी उपहार कूपन फ्री दिया जा रहा है। वहीं, सुमीत ज्वेलर्स में 15000 रुपए की खरीदी पर यह उपहार कूपन मिलेगा।

सुमीत बाजार

### बंपर ड्रॉ में 1 करोड़ की गोल्ड ज्वेलरी

बंपर ड्रॉ में फर्स्ट प्राइज एक करोड़ की गोल्ड ज्वेलरी है। इसी तरह सेकंड प्राइज 11 लाख की गोल्ड ज्वेलरी (दो विनर को), थर्ड प्राइज पांच लाख की गोल्ड ज्वेलरी (तीन विनर को), फोर्थ प्राइज दो लाख की गोल्ड ज्वेलरी (पांच विनर को), फिफ्थ प्राइज 50 हजार की गोल्ड ज्वेलरी (21 विनर को), सिक्सथ प्राइज ट्रेवल सूटकेस (2100 विनर को) और सेंवथ प्राइज टफल बैग (5100 विनर को) है।

### योजना का 5वां मिनी ड्रॉ 25 को

उपहार योजना में सात मिनी ड्रॉ होने हैं, जिसमें से चार मिनी ड्रॉ निकाले जा चुके हैं। पांचवें मिनी ड्रॉ के लिए शॉपिंग का पांचवां चरण 4 जनवरी से शुरू है और 21 जनवरी तक चलेगा। इसका ड्रॉ 25 जनवरी, 2024 को निकाला जाएगा। इसे मिलाकर अब कुल तीन मिनी ड्रॉ और होने हैं। लोगों के पास अभी भी मौका है खरीदी पर फ्री लकी कूपन के जरिए मिनी ड्रॉ में कार, बाइक और ढेर सारे अन्य उपहार जीतने, और साथ ही बंपर ड्रॉ में शामिल होने का मौका मिलेगा।

## एमपीसी सदस्य गोयल ने कहा, सरकार कराधान ढांचे में निष्पक्षता चाहती है

# अमीर किसानों पर आयकर लगाने पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा है कि गरीब किसानों के खातों में पैसे भेजकर उनकी देखभाल करने के बाद सरकार कराधान ढांचे में 'निष्पक्षता' लाने के लिए अमीर किसानों पर आयकर लगाने के बारे में सोच सकती है।

- अमीर किसानों के लिए एक सकारात्मक आयकर लागू किया जा सकता है

गोयल ने कहा, 'किसानों को सरकार से धन का हस्तांतरण एक नकारात्मक आयकर की तरह है। इसके साथ ही अमीर किसानों के लिए एक सकारात्मक आयकर लागू किया जा सकता है जो कम कर-दरों और न्यूनतम छूट वाली डेटा-समृद्ध प्रणाली की तरफ बढ़ने का हिस्सा है।'

### दीर्घकालिक वृद्धि को सक्षम बनाने उठा सकती है कदम

इसके साथ ही गोयल ने कहा कि एक-दलीय सरकार टिकाऊ दीर्घकालिक वृद्धि को सक्षम बनाने वाले कदम उठा सकती है लेकिन उसे गलत निर्णय लेने से बचने के लिए विभिन्न समूहों से प्रतिक्रिया और रचनात्मक आलोचना के लिए भी खुला होना चाहिए।



### उत्पादकता बढ़ाने पर जोर

गोयल ने कहा कि भारत में जीवंत निजी क्षेत्र के साथ सक्षम बनाने वाली सरकारी पहल का भी अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा, 'यदि उत्पादकता बढ़ाने वाले नवाचार को बढ़ावा दिया जाए तो यह (भारत) वृद्ध होने से पहले ही अमीर बन सकता है।'

### वृद्धि दर कई चीजों पर निर्भर

प्रख्यात अर्थशास्त्री ने आर्थिक वृद्धि के लिहाज से गठबंधन सरकारों या एक-दलीय शासन में से बेहतर प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'वृद्धि दर कई चीजों पर निर्भर करती है, लेकिन किसी सरकार के आकलन में यह भी देखना होता है कि उन्हें विरासत में किस तरह की वृद्धि दर मिली और वह देश के लिए क्या छोड़कर गई।'

## नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में



### जोकोविच की स्थानीय खिलाड़ी का समर्थन कर रहे एक दर्शक से हुई बहस

**मेलबर्न,(एजेंसी)।** गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया हैं। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अलेक्सेइ पोपिरिन को चार सेटों में 6-3, 4-6, 7-6, 6-3 से मात दी। मैच के चौथे सेट में स्थानीय खिलाड़ी का समर्थन कर रहे एक दर्शक से उनकी बहस भी हो गई थी।

मैच जीतने के बाद उन्होंने दर्शकों की ओर मुंह करके जश्न का इशारा किया। महिला वर्ग में गॉफ ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6 (6), 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स से होगा, जिन्होंने 32वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पर 7-5, 6-4 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।



### जाबेउर और वोज्नियाकी बाहर

महिला वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी रूस की दो युवा खिलाड़ियों से हारकर बाहर हो गई। जाबेउर ने दूसरे दौर के मैच में कई बेजा गलतियां की। उन्हें 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने 54 मिनट में 6-0, 6-2 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट में 2018 में चैंपियन बनने वाली वोज्नियाकी को 20 वर्षीय मारिया टोमाफीवा ने 1-6, 6-4, 6-1 से हराया। महिला वर्ग के अन्य मैचों में दसवीं वरीयता प्राप्त बीट्रिज हद्दाद माइया ने पिछले साल की जूनियर चैंपियन एलिना कोर्निवा को 6-1, 6-2 से हराया, जबकि अमांडा अनिसिमोवा ने सात महीने के मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक के बाद नादिया पोडोरोस्का पर 6-2, 6-3 से जीत के साथ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

### सिनर, फ्रिट्ज व मिनौर जीते

पुरुष वर्ग में मार्गरेट कोर्ट एरेना में खेले गए मैच में चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने जेस्पर डी जोंग को 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के 10वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने माटेओ अर्नाल्डी को 6-3, 6-0, 6-3 से पराजित किया। पुरुष वर्ग से तीसरे दौर में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज भी शामिल हैं। उन्होंने बेन शेल्टन को 6-4, 6-1, 3-6, 7- 6 से मात दी ।

## प्रज्ञाननंदा भारत के नंबर-1 चेस खिलाड़ी बने

### विश्वनाथन आनंद को पछाड़ा

**विज्क आन जी (एजेंसी)।** भारत के युवा शतरंज सुपरस्टार आर प्रज्ञाननंदा ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हराया जिससे वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए। इस जीत से 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा के 2748.3 रेटिंग अंक हो गए हैं जो फिडे लाइव रेटिंग में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के 2748 अंकों से अधिक है। विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था प्रत्येक महीने के शुरू में



रेटिंग जारी करती है। वह आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराया। प्रज्ञाननंदा ने इससे पहले 2023 में टाटा स्टील टूर्नामेंट में भी लीरेन हराया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, यह बहुत अच्छा एहसास है।

### तेंदुलकर ने की तारीफ

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर प्रगनानंद की तारीफ की है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ इस जीत के लिए प्रगनानंद को बहुत-बहुत बधाई। 18 साल की छोटी उम्र में आपने न केवल खेल पर अपना दबदबा बनाया, बल्कि भारत के टॉप रेटेड खिलाड़ी भी बन गए।

## ब्रीफ न्यूज

### अक्षर- यशस्वी आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष-10 में

**दुबई,(एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच में प्रदर्शन की बदौलत भारत के बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल बुधवार को जारी ताजा आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी छठे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। अक्षर ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में दो पायदान के उछाल से 16वें स्थान पर पहुंच गए।

### कंगारुओं ने विंडीज को 188 रन पर समेटा

**एडिलेड, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 188 रन पर ढेर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन पहली पारी में स्टंप्स तक दो विकेट पर 59 रन बनाए थे। स्टीव स्मिथ (12) को आउट कर शेमार जोसेफ ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली गेंद पर विकेट लेने का कारनामा किया। इससे पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे वेस्टइंडीज की तरफ से किर्क मैकेंजी ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे शेमार जोसेफ ने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरकर 41 गेंद पर 36 रन की आक्रामक पारी खेली। हेजलवुड ने 44 रन देकर चार विकेट हासिल किए। मिशेल स्टार्क और नाथन लियोन ने एक-एक विकेट लिया।

### कोहली 22 जनवरी को अयोध्या जाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत के विराट कोहली 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या जाएंगे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए बीसीसीआई से ब्रेक मांगा। जो अप्रूव कर दिया गया है।वह टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन से एक दिन का ब्रेक लकर अयोध्या पहुंचेंगे। विराट 23 को फिर टीम इंडिया के साथ जुड़ जाएंगे। हैदराबाद में टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन 20 जनवरी से शुरू होगा। टीम यहां 4 दिन तक प्रैक्टिस करेगी। इंग्लैंड टीम 21 को हैदराबाद पहुंच जाएगी। 25 जनवरी से दोनों के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। विराट को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का ऑफिशियल इन्विटेशन भेजा गया था। उनके साथ भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी को भी अयोध्या जाने का इन्विटेशन मिला है।

भारत ने दूसरे सुपर ओवर में जीता आखिरी मैच, वर्ल्डकप से पहले अफगानिस्तान को 3-0 से हराया

## सुपर ओवर के डबल धमाल में जीता भारत



### रोहित शर्मा का शतक, दुबे बने मैन ऑफ द सीरीज

**बेंगलुरु।** भारत ने तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर में हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की। अंतिम मुकाबले में दोनों टीमें 20-20 ओवर के बाद 212-212 रन बना पाई थीं। इसके बाद पहले सुपर ओवर में दोनों टीमें 16-16 रन बना सकीं। फिर डबल सुपर ओवर में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 रन बनाए। फिर अफगानिस्तान की टीम ने तीन गेंद में ही दो विकेट गंवा दिए और इस तरह टीम इंडिया ने जीत हासिल की।

रवि बिश्नोई दूसरे सुपर ओवर में गेंदबाजी के लिए आए और अफगानिस्तान की टीम उनके फिरकी में फंस गई। तीन गेंद में ही उन्होंने मोहम्मद नबी और रहमनुल्लाह गुरबाज के दो विकेट लिए। एक सुपर ओवर में किसी एक टीम के दो विकेट गिरने पर पारी वहीं समाप्त हो जाती है। 213 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम 6 विकेट पर 212 रन ही बना सकी थी। रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने 50-50 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट 212 रन बनाए। एक समय भारतीय टीम ने 22 रनों पर 4 विकेट गंवा दिए थे। मगर इसके बाद रोहित शर्मा ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर पारी को संभाला और 5वें विकेट के लिए 95 गेंदों पर 190 रनों की साझेदारी की। शिवम दुबे (124 रन और 2 विकेट) मैन ऑफ द सीरीज बने।

**सर्वाधिक 35 बार शून्य पर आउट होने वाले भारतीय बने कोहली :** भारतीय बैटर विराट कोहली अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार गोल्डन डक हुए। वह सबसे अधिक बार जीरो पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली कुल 35वीं बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटे हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल कै. नबी बो. फरीद | 04 | 06 | 0/0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 121 | 69 | 11/8 |
| विराट कोहली कै. जदरान बो. फरीद | 00 | 01 | 0/0 |
| शिवम दुबे कै. गुरबाज बो. ओमरजाई | 01 | 06 | 0/0 |
| संजू सैमसन कै. नबी बो. फरीद | 00 | 01 | 0/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 69 | 39 | 2/6 |

**अतिरिक्त**: 17, **कुल**: 20 ओवर में 4 विकेट पर 212, **विकेट पतन**: 1-18, 2-18, 3-21, 4-22, **गेंदबाजी**: फरीद अहमद 4-0-20-3, अजमतउल्लाह ओमरजाई 4-0-33-1, क्वैस अहमद 4-0-28-0, मोहम्मद सलीम 3-0-43-0, शराफउद्दीन अशरफ 2-0-25-0, करीम जनत 3-0-54-0.

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गुरबाज कै. सुंदर बो. कुलदीप | 50 | 32 | 3/4 |
| इब्राहिम जदरान कै. संजू बो. सुंदर | 50 | 41 | 4/1 |
| गुलबदीन नईब नाबाद | 55 | 23 | 4/4 |
| ओमरजाई कै. रवि बो. सुंदर | 00 | 01 | 0/0 |
| मो. नबी कै. आवेश बो. सुंदर | 34 | 16 | 2/3 |
| करीम जनत रन आउट | 02 | 02 | 0/0 |
| जदरान कै. कोहली बो. आवेश | 5 | 3 | 1/0 |
| शराफउद्दीन अशरफ नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

**अतिरिक्त**: 11, **कुल**: 20 ओवर में 6 विकेट पर 212 रन, **विकेट पतन**: 1-93, 2-107, 3-107, 4-163, 5-167, 6-182, **गेंदबाजी**: मुकेश कुमार 4-0-44-0, आवेश खान 4-0-55-1, रवि बिश्नोई 4-0-38-0, वॉशिंगटन सुंदर 3-0-18-3, शिवम दुबे 2-0-25-0, कुलदीप यादव 3-0-31-1.

### टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

| | | |
|---|---|---|
| 126* | शुभमन गिल बनाम न्यूजीलैंड, अहमदाबाद | 2023 |
| 123* | रुतुराज गायकवाड़ बनाम ऑस्ट्रेलिया, गुवाहाटी | 2023 |
| 122* | विराट कोहली बनाम अफगानिस्तान, दुबई | 2022 |
| 121* | रोहित शर्मा बनाम अफगानिस्तान, बेंगलुरु | 2024 |

### कप्तान रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 शतक जड़ने वाले पहले क्रिकेटर बने

- **रोहित** टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक जड़ने वाले प्लेयर बन गए हैं। रोहित के अफगानिस्तान के खिलाफ अपने करियर को पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने अब तक चार-चार सेंचुरी जमाई हैं।
- **रोहित** (1,648 रन ) टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन चुके हैं। उन्होंने इस मामले में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली (1570) को पछाड़ा।
- **हिटमैन** (90 )ने बतौर कप्तान सबसे अधिक टी20 में सिक्स जड़ने का कीर्तिमान अपने नाम किया। उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन (86) को पीछे छोड़ा।
- **रोहित** इसके अलावा टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक सिक्स लगाने वाले सलामी बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल (161) के खाते में थी।
- **रोहित** ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी की है। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 190 रन की अटूट पार्टनरशिप की।

### अंतिम ओवर में बने 36 रन

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली बार अंतिम ओवर में 36 रन बने। कप्तान रोहित शर्मा और रिंकूसिंह ने आखिरी ओवर में 5 छक्के और 1 चौके की मदद से कुल 36 रन बटोरे।

## फिन एलन ने पाकिस्तान के खिलाफ जड़े दनादन 16 छक्के

### टी-20 सीरीज में कीवियों ने बनाई 3-0 की अजेय बढ़त, एलन का तूफानी शतक

**डुनेडिन, (एजेंसी)।** फिन एलन की रिकॉर्ड 137 रनों की तूफानी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 45 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त ले ली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 224 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कियाजबाव में पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 179 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए फिन एलन ने पांच चौके और 16 छक्के लगाते हुए 62 गेंदों 137 रन की पारी खेली। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने 37 गेंदों पर सर्वाधिक 58 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने दो विकेट लिए।

मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान की पांच मैचों की टी-20 सीरीज में यह लगातार तीसरी हार है।



### फिन एलन ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

न्यूजीलैंड के फिन एलन ने 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई इस मामले ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलन भी उनकी बराबरी पर पहुंच गए हैं। अब फिन एलेन ने इतनी ही गेंदों में 137 रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाए। हजरतुल्लाह जजई ने फरवरी 2019 में आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे।

### भेल के मैदान पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**भेल,(खेसं)।** जगन्नाथ क्रिकेट क्लब द्वारा उत्कल क्रिकेट चैंपियनशिप सेशन 2 अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हेस्टु एचएमएस द्वारा शाखा क्रिकेट मैदान पिपलानी में किया जा रहा है। बुधवार के मैच आईएमएम राइजर्स और ईएम सुपर स्टार के बीच खेला गया। जिसमें आईएमएम राइजर्स विजेता और रॉबर्ट मस्सी मैन ऑफद मैच बना। शाखा क्रिकेट मैदान पर सैकड़ो दर्शक के उपस्थिति में परितोष दलेई प्रबंधक मानव संसाधन बीएचईएल और जगन्नाथ क्लब की और संतोष कुमार साहू ने मैन ऑफदी मैच रॉबर्ट मस्सी को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मान किया गया है ।



## सात्विक और चिराग दूसरे दौर में

### इंडिया ओपन: श्रीकांत और अश्विनी-तनीषा बाहर

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। वहीं दुनिया के पूर्व नंबर वन खिलाड़ी भारत के किदांबी और अश्विनी पोनप्पा और युवा तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी पहले दौर में अपने-अपने मुकाबले हारकर इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन से बाहर हो गए। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की जोड़ी को पहले दौर में फैंग चीह ली और फैंग जेन ली की चीनी ताइपे की दुनिया की 24वें नंबर की जोड़ी को एक घंटे और 18 मिनट में 21-15, 19-21, 21-16 से हराने में काफी पसीना बहाना पड़ा। श्रीकांत को पुरुष एकल के पहले दौर में हांगकांग के ली च्युक यीयु के खिलाफ 47 मिनट में 22-24, 13-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अश्विनी और तनीषा की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी को जोंगकोलफान और राविंड की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।



## आईसीसी की पहली तटस्थ महिला अंपायर होंगी रेडफर्न

### बोलीं- यह महिला क्रिकेट के लिए निर्णायक क्षण है...

**दुबई,(एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय सीरीज के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आईसीसी महिला चैम्पियनशिप सीरज और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए आईसीसी के एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद रेडफर्न की नियुक्ति की गई है। इसी के साथ रेडफर्न द्विपक्षीय सीरीज में आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गयी है। रेडफर्न ने अपनी नियुक्ति पर कहा, यह महिला क्रिकेट और महिला क्रिकेट अधिकारियों दोनों के लिए निर्णायक क्षण है। मैं आईसीसी और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगी और ऐसी ही और नियुक्तियों की उम्मीद करती हूं। आईसीसी के क्रिकेट महा प्रबंधक वसीम खान ने कहा, यह महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम महिला मैच अधिकारियों के मार्ग कार्यक्रम को लागू करने और अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वालों के लिए स्थानापन्न अवसरों में तेजी लाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तटस्थ नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों को सीखने और विकास में मदद मिलेगी। रेडफर्न ने 1995 से 1999 के बीच इंग्लैंड के लिए छह टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले हैं। इसमें भारत में 1997 विश्वकप के चार मैच शामिल थे। वह 2016 से अंपायरों के आईसीसी डेवलपमेंट पैनल में हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### कराते प्रतियोगिता में बीयू के चिराग ने जीता कांस्य

**भोपाल,(खेसं)।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय विश्व विद्यालय संघ के तत्वाधान में ओयाजित साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराते प्रतियोगिता के महिला वर्ग मुकाबले में एकल काता में फरहान पीपी यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट ने स्वर्ण पदक जीता। टीम काता में यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग मुकाबले में एकल काता में मोहन श्रेष्ठ पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक, ऋतिक के कर बनके जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने रजत पदक, सागर जैन यूनिवर्सिटी एवं चिराग पवार बीयू भोपाल ने कांस्य पदक जीता। टीम काता में बीयू भोपाल ने स्वर्ण पदक, महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी कोट्टायम ने रजत पदक,आरटीएम यूनिवर्सिटी एवं जैन यूनिवर्सिटी ने कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता का उद्घाटन विशेष अतिथि मलय जैन निदेशक मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी ने किया।

### 29वां आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट
## बिजेंद्र सिंह का दोहरा प्रदर्शन

**भोपाल,(खेसं)।** बिजेंद्र सिंह के दोहरे प्रदर्शन की मदद से टीओआई ने 29वें आईईएस- डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में छह विकेट से जीत दर्ज की है। यह उसकी दो मैचों में पहली जीत है। इधर कार्पोरेट ग्रुप के एक मुकाबले में नगर निगम ने डीआरपी लाइन को हराया। पत्रिका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन बनाए।

इसमें पीसी ने 29 और सुभाष सिंह ने 25 रन बनाए। अक्षय, प्रणव अग्रवाल, बाबा पाटनकर और बिजेंद्र सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में टीओआई ने जरूरी रन 16.4 ओवर में चार विकेट पर बना लिए। बिजेंद्र सिंह ने 44, कुश ने 35 और बाबा ने 27 रन बनाए। सुभाष ने दो विकेट लिए। बिजेंद्र सिंह मानसरोवर मैन ऑफ द मैच और सुभाष आरएनटीयू वेल्यूएबल प्लेयर चुने गए। दूसरे मैच में नगर निगम ने डीआरपीलाईन को पांच विकेट से हराया। डीआरपी लाइन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.3 ओवर में 114 रन बनाए। इसमें विजय सिं ने 26, सौरव ने 25, और सुशील ने 10 रन बनाए। रवि नरवारे और फहाद हसन ने 3-3 विकेट लिए। राजवीर वैद्य को दो विकेट मिले। जवाब में नगर निगम ने जरूरी रन 15.4 ओवर में पांच विकेट पर बना लिए। रवि नरवारे न अविजित 76 रनों की पारी खेली।



### भोपाल डिवीजन ने जीती एमएम जगदाले ट्रॉफी



**भोपाल,(खेसं)।** भोपाल डिवीजन ने उज्जैन के खिलाफ मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमएम जगदाले ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-15 बॉयज का चार दिवसीय फाइनल मैच एक पारी और 60 रनों से जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। चौथे व अंतिम दिन उज्जैन डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी में 31/2 से आगे खेलते हुए 125 रन बनाकर पूरी टीम ऑलआउट हो गई। उज्जैन डिवीजन के लिए अबुजर कुरैशी ने 36 रन बनाए। भोपाल डिवीजन की ओर से अंजेश पाल ने 4 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने एक पारी और 60 रनों से मुकाबला जीता। मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भोपाल डिवीजन के कनिष्क गौतम को मिला। इस शानदार जीत पर भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने टीम के सभी खिलाड़ियों, कोच अभिषेक सिंह मैनेजर सुभाष बोराना को बधाई दी।

### आईटीएफ में भारत के आर्यन शाह ने किया बड़ा उलटफेर

#### 5 टॉप सीडेड व 4 भारतीय सिंगल्स के अंतिम-16 में

**भोपाल,(खेसं)।** 25 हजार डॉलर ईनामी राशि वाले अंतरराष्ट्रीय पुरुष टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ (इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन)में शुरुआत के मैचों में करण सिंह और एस मुकुंद कुमार के मुकाबले हारने पर एक समय ऐसा लगने लगा था कि सिंगल्स में भारत की चुनौती समाप्त होने वाली है। पर सबसे बड़े उलट फेर में भारत के 18 वर्षीय आर्यन शाह (ए टी पी 1244) ने अपने से लगभग 700 अंक ऊंचे इजरायल के ओरल कीम्ही (ए टी पी 553) को सीधे सेटों में हराकर सनसनी फैला दी। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही ओरल कीम्ही मांड्या में आयोजित पुरुष आईटीएफ के विजेता और करण सिंह सेमी फाइनलिस्ट रहे थे वहीं आर्यन शाह मेन राउंड के लिए क्वॉलिफाई भी नही कर पाए थे। एक अन्य मैच में भारत के एस विश्वकर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के जियाँग डोंग को सीधे सेटों में 6-1 6-3 से हरा दिया। जबकि करण सिंह, माधविन कामथ और एस मुकुंद कुमार पहले सेट में आगे रहने के बावजूद अपने अपने मैच कड़े संघर्ष पूर्ण मुकाबलों में से हार कर बाहर हो गए।





## शराब से परहेज
# लीवर के लिए अच्छा

- लीवर शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह शराब के प्रभावों के लिए सबसे अधिक संवेदनशील है।
- शराब लीवर को फैटी बनाती है। इससे लीवर में सूजन हो जाती है। जवाब में, यह ऊतक का निर्माण करके खुद को ठीक करने की कोशिश करता है।
- यदि शराब पीनी जारी रखा जाता है, तो पूरा लीवर घावों का एक जाल बन सकता है जिसे सिरोसिस कहा जाता है।
- लीवर ख़राब होने पर लोगों को पीलिया हो सकता है, सूजन आ सकती है और नींद की कमी और भ्रमित हो सकते हैं। यह गंभीर है और घातक हो सकता है।
- लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।
- लीवर में क्षतिग्रस्त होने के बाद खुद को ठीक करने की अद्भुत शक्ति होती है।
- फैटी लीवर वाले लोगों में, शराब छोड़ने के केवल दो से तीन सप्ताह बाद, लीवर ठीक हो सकता है और नए जैसा दिखने और काम करने लगता है।
- लीवर में सूजन या हल्के घाव वाले लोगों में, शराब छोड़ने के सात दिनों के भीतर भी, लीवर की चर्बी, सूजन और घाव में उल्लेखनीय कमी देखी जाती है।
- कई महीनों तक शराब का सेवन बंद करने से लीवर ठीक हो जाता है और सामान्य स्थिति में आ जाता है।

**प्लाइमाउथ (द कन्वरसेशन)। ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार, ज़ीउस ने मनुष्यों को आग देने पर प्रोमेथियस को दंडित किया था। उसने प्रोमेथियस को जंजीरों से जकड़ दिया और उसके कलेजे को खाने के लिए एक बाज को उसपर बिठा दिया। हर रात, कलेजा वापस बढ़ जाता था और हर दिन, बाज कलेजा खाने के लिए लौट आता था। सवाल है कि क्या वास्तव में लीवर वापस बढ़ सकता है?**

लीवर मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है। शराब जैसे विषाक्त पदार्थों का असर कम करने सहित सैकड़ों शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए इसकी आवश्यकता होती है। चूंकि यह पी गई शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह शराब के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है। हालाँकि, लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। एक लीवर विशेषज्ञ हर दिन शराब से संबंधित लीवर रोग वाले लोगों से मिलता है। यह लीवर में वसा जमा होने (फैटी लीवर) से लेकर निशान बनने (सिरोसिस) तक होने वाली बीमारी का एक पहलू है और यह आमतौर पर क्षति के अंतिम चरण तक कोई लक्षण पैदा नहीं करता है।

सबसे पहले शराब लिवर को फैटी बनाती है। इस वसा के कारण लीवर में सूजन हो जाती है। जवाब में, यह निशान ऊतक का निर्माण करके खुद को ठीक करने की कोशिश करता है। यदि इसे अनियंत्रित जारी रखा जाता है, तो पूरा लीवर घावों का एक जाल बन सकता है और बीच में 'अच्छे' हिस्सों के छोटे-छोटे द्वीप बन सकते हैं, जिसे सिरोसिस कहा जाता है। सिरोसिस के अंतिम चरण में, जब लीवर ख़राब हो जाता है, तो लोगों को पीलिया हो सकता है, सूजन आ सकती है और नींद की कमी और भ्रमित हो सकते हैं। यह गंभीर है और घातक हो सकता है।

### अच्छी खबर

सौभाग्य से, अच्छी खबर है कि फैटी लीवर वाले लोगों में, शराब छोड़ने के केवल दो से तीन सप्ताह बाद, लीवर ठीक हो सकता है और नए जैसा दिखने और काम करने लगता है।लीवर में सूजन या हल्के घाव वाले लोगों में, शराब छोड़ने के सात दिनों के भीतर भी, लीवर की चर्बी, सूजन और घाव में उल्लेखनीय कमी देखी जाती है। कई महीनों तक शराब का सेवन बंद करने से लीवर ठीक हो जाता है और सामान्य स्थिति में आ जाता है। अधिक शराब पीने वालों में, जिनके लीवर पर गंभीर घाव हैं, कई वर्षों तक शराब छोड़ने से उनके लीवर के खराब होने और मृत्यु की संभावना कम हो जाती है। हालाँकि, जो लोग बहुत अधिक शराब पीते हैं वे शारीरिक रूप से शराब पर निर्भर हो सकते हैं और अचानक बंद करने से शराब छोड़ने से होने वाली दिक्कतों का सामना कर सकते हैं। अपने हल्के रूप में, यह कंपकंपी और पसीने का कारण बनता है। लेकिन गंभीर होने पर यह मतिभ्रम, दौरे और यहां तक कि मौत का कारण भी बन सकता है।

### शराब छोड़ने के अन्य लाभ

शराब छोड़ने से नींद, मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और रक्तचाप पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लंबे समय तक शराब से परहेज करने से कई प्रकार के कैंसर (यकृत, अग्न्याशय और बड़ी आंत सहित) और हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा भी कम हो जाता है। हालाँकि, शराब खराब स्वास्थ्य का एकमात्र कारण नहीं है। इसे छोड़ने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं, लेकिन यह रामबाण नहीं है। इसे संतुलित आहार और नियमित शारीरिक व्यायाम सहित स्वस्थ जीवनशैली के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। तो, प्रोमेथियस के मिथक से उत्पन्न प्रश्न का उत्तर देने के लिए, लीवर में क्षतिग्रस्त होने के बाद खुद को ठीक करने की अद्भुत शक्ति होती है। लेकिन अगर यह पहले से ही गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो तो यह दोबारा नए रूप में विकसित नहीं हो सकता। यदि आप शराब पीना बंद कर देते हैं और केवल फैटी लीवर है, तो यह जल्दी ही सामान्य हो सकता है।



- अधिक शराब पीने वालों में, जिनके लीवर पर गंभीर घाव हैं, कई वर्षों तक शराब छोड़ने से उनके लीवर के खराब होने और मृत्यु की संभावना कम हो जाती है

## इमरान हाशमी ने बताया
### क्यों विलेन का किरदार निभाना चाहते थे?



**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्टर इमरान हाशमी ने खुलासा किया कि वह विलेन की भूमिका क्यों निभाना चाहते थे। इमरान को 'टाइगर' फ्रेंचाइजी के थर्ड इस्टॉलमेंट में विलेन के रूप में दिखाया गया, जो अब डिजिटल रूप से स्ट्रीम हो रही है। इमरान ने कहा, यह वाकई खास होता है जब कोई फिल्म आपको बार-बार सराहना और सम्मान देती रहे। इसका मतलब यह है कि एक फिल्म ने समय की किताबों में अपने लिए जगह बना ली है। 'टाइगर 3' में एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाकर इतना प्यार मिलना वाकई हैरान करने वाला है। उन्होंने आगे कहा, मुझे एक ऐसे विलेन की भूमिका निभाने का विचार आया था, जो जितना चतुर और चालाक है, उतना ही शक्तिशाली भी है और टाइगर जैसे आइकोनिक हीरो से आमने-सामने की लड़ाई लड़ सकता है। आदित्य चोपड़ा और मनीष शर्मा ने मुझे चुना, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं। इमरान ने आगे साझा किया, मुझे खुशी है कि जब 'टाइगर 3' सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो दर्शकों ने मुझे प्यार दिया और फिल्म बड़ी हिट रही।

## शाहरुख को लेकर 'इंशाअल्लाह' बनाएंगे
# संजय लीला भंसाली



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार संजय लीला भंसाली किंग खान शाहरूख खान को लेकर फिल्म 'इंशाअल्लाह' बनाने की तैयारी में हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी पीरियड ड्रामा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में हैं। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, नजर आने वाली हैं। इस बीच संजय लीला भंसाली अपनी नई फिल्म 'इंशाअल्लाह' को लेकर चर्चा में आ गए हैं। कुछ वर्ष पूर्व फिल्म 'इंशाअल्लाह' सुर्खियों में रही थी, जिसमें सलमान खान और आलिया भट्ट का नाम सामने आया था, लेकिन किसी कारण से यह फिल्म उस वक्त ठंडे बस्ते में चली गई थी। भंसाली एक फिर इंशाअल्लाह को बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम पूरा हो चुका है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में शाहरुख खान नजर आ सकते हैं।

## पवन सिंह की फिल्म 'जियो मेरी जान 'का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म 'जियो मेरी जान' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जे पी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के फर्स्ट लुक में दिखाई देता है कि पवन सिंह की शर्ट बुरी तरह फटी हुई है। उनके हाथ में एक चप्पल है और चेहरे पर चोट के निशान है। जियो मेरी जान के निर्माता उमा शंकर प्रसाद और सह निर्माता आयुष राज गुप्ता है, जबकि फिल्म के निर्देशक अनंजय रघुराज है। फिल्म की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। संगीतकार रजनीश मिश्रा, प्रियांशु सिंह, छोटू रावत है, जबकि गीतकार विनय बिहारी, आशुतोष तिवारी, अरुण बिहारी है।



## 'फाइटर' ने देश के प्रति मेरे प्यार को और जगा दिया
# अक्षय ओबेरॉय

**मुंबई (आईएएनएस)।** आगामी फिल्म 'फाइटर' में भूमिका निभाने वाले अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने कहा कि फिल्म ने उनके भीतर गर्व और देशभक्ति की गहरी भावना जगाई है। अक्षय ने कहा, फिल्म 'फाइटर' का हिस्सा बनना मेरे लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है। इसने न केवल मेरे दृष्टिकोण को बदल दिया है, बल्कि देशभक्ति और गर्व की गहरी भावना भी पैदा की है। इस फिल्म ने देश के प्रति मेरे प्यार को और अधिक बढ़ा दिया है। मैं वास्तव में एक ऐसे प्रोजेक्ट में योगदान करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं जो हमारे सशस्त्र बलों की भावना का जश्न मनाती है। यूएस में पैदा होने और पले-बढ़े होने के बावजूद, अक्षय ने हमेशा भारत में अपनी जड़ों के साथ गहरा संबंध बनाए रखा है। उन्होंने कहा, मेरा दिल हमेशा हमारी संस्कृति की समृद्धि और हमारे राष्ट्र के प्रति प्यार के लिए तरसता रहा है। 'फाइटर' ने मुझे अपनी जड़ों से गहरे स्तर पर जुड़ने का मौका दिया और मैं इस अनुभव के लिए बेहद आभारी हूं।

## निरहुआ ने फिल्म चीख की शूटिंग शुरू की

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपनी आने वाली फिल्म चीख की शूटिंग शुरू कर दी है। फ़िल्म चीख में दिनेश लाल यादव निरहुआ , आम्रपाली दुबे और संजय पांडेय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे । फ़िल्म चीख की कहानी एक सस्पेंस थ्रिलर विषय पर आधारित है। आम्रपाली दुबे ने कहा,फ़िल्म चीख आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है । यह एक बेहद खूबसूरत फ़िल्म बनेगी । स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्माता सुधीर सिंह ने बताया कि जब यह कहानी उनके समक्ष लाई गई तभी उन्होंने इसमें यह विचार कर लिया था कि इसे किसके साथ बनाना है और यह आज फलीभूत होने जा रहा है इससे बड़ी ख़ुशी और क्या हो सकती है।



## 79 वर्ष के हुए
# जावेद अख्तर

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जाने माने शायर और गीतकार जावेद अख्तर आज 79 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया 'जादू'। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति 'लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा'से लिया गया है। बाद मे जां निसार के यही पुत्र जादू 'जावेद अख्तर' के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिये उनकी शायरी में जिंदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी



**मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपए के वेतन पर फिल्मों मे डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिये डॉयलाग लिखे लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई**

आसानी से दूसरों को समझाते हैं। उनके जन्म के कुछ समय के बाद उनका परिवार लखनऊ आ गया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ से पूरी की।कुछ समय तक वहां रहने के बाद वह अलीगढ़ आ गए जहां वह अपनी खाला के साथ रहने लगे। जावेद अख्तर ने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा भोपाल के साफिया कॉलेज से पूरी की लेकिन कुछ दिनों के बाद उनका मन वहां नहीं लगा और वह अपने सपनों को नया रूप देने के लिये वर्ष 1964 में मुंबई आ गए।

मुंबई पहुंचने पर जावेद अख्तर को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपए के वेतन पर फिल्मों मे डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिये डॉयलाग लिखे लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई। मुंबई में जावेद अख्तर की मुलाकात सलीम खान से हुई जो फिल्म इंडस्ट्री में बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बनाना चाह रहे थे। इसके बाद वह और सलीम खान संयुक्त रूप से काम करने लगे। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म 'अंदाज' की कामयाबी के बाद जावेद अख्तर कुछ हद तक बतौर डॉयलाग रायटर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गए।

फिल्म'अंदाज' की सफलता के बाद जावेद अख्तर और सलीम खान को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए।इन फिल्मों में 'हाथी मेरे साथी, सीता और गीता, जंजीर, यादों की बारात' जैसी फिल्में शामिल है। सीता और गीता के निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात 'हनी ईरानी' से हुई और जल्द हीं जावेद अख्तर ने हनी ईरानी से निकाह कर लिया। अस्सी के दशक में जावेद अख्तर ने हनी इरानी से तलाक लेने के बाद शबाना आजमी से शादी कर ली। वर्ष 1981 में निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा अपनी नई फिल्म सिलसिला के लिए गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन दिनों फिल्म जगत में जावेद अख्तर बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बना चुके थे।



## 29 मार्च को रिलीज होगी
# विद्या बालन की फिल्म 'दो और दो प्यार'

**मुंबई (वार्ता)। अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की फिल्म 'दो और दो प्यार' 29 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म दो और दो प्यार में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डी'क्रूज और सेंथिल राममूर्ति नजर आएंगे। इस फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, बतौर निर्देशक यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है।**

# हिंदुओं की आत्मा कभी मरती नहीं है : प्रवीण तोगड़िया



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पूरी दुनिया में हिंदू था, अर्बिस्तान भी हिंदू था, अफ्रीका, यूरोप, अमेरिका भी हिंदू था।दुनिया में सबसे पहले हिंदू का मंदिर टूटा,उधर यूरोप का रोम का मंदिर टूटा जहा आज वेटिकन है, उक्त बातें राष्ट्रीय हिंदू परिषद,बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष हिंदू नेता प्रवीण तोगड़िया ने महाहर धाम में मौजूद जनता के बीच संबोधन के दौरान कही।कहा हमेशा से ही दुनिया के अलग अलग हिस्सों में मंदिर तोड़ कर या तो मस्जिद बनाई गई या ईसाई धर्म स्थली बना दी गई।

30 हजार मंदिरों को तोड़कर इस धरती पर मस्जिद बना दी गई।काशी विश्वनाथ का मंदिर तोड़कर भी मस्जिद बना दी गई थी।अयोध्या में भगवान राम का मंदिर था उसको भी तोड़कर मस्जिद बना दी गई लेकिन 496 सालो तक चले हिंदुओ के संघर्ष के बदौलत आज मंदिर फिर राम लला का बन कर तैयार है।कहा जो जाति अपमान का बदला नहीं लेती है वह जाति मिट्टी में मिल जाती है।हिंदुओ की आत्मा कभी मरती नहीं है।

हमने अयोध्या में कारसेवा का ऐलान किया कि अयोध्या चलो मंदिर बनाने बिना निमंत्रण लाठी गोली खाने के लिए लाखो कार्यकर्ता अयोध्या की तरफ बढ़े।लाठिया गोलियां चलती रही लेकिन हमारे कारसेवक अपने प्राणों की परवाह नहीं करते हुए बाबरी ढांचे को ध्वस्त कर दिया।कहा हम तो खून की नदिया में खेलने वाले विजेता मृत्युंजय हिंदू है।हमने 90 में ही बाबर के ढांचे पर भगवा झंडा लहरा दिया था, ठांचा ठहने के बाद हमने एक ही नारा दिया "हो गया काम जय श्री राम" प्रवीण तोगड़िया ने मौजूद लोगो से 24 जनवरी को अयोध्या पहुंचकर दर्शन करने की अपील भी की कहा स्वागत के लिए आपके लिए खुद दरवाजे पर खड़ा रहुगा।

आगे बोलते हुए कहा भगवान आप तो झोपड़ी से महल में आ गए 3 हजार करोड़ का आपको महल मिला हमे प्रसन्नता हुई हमारी इतनी ही मांग है की आपकी पूजा करने वाले भारत के सभी गरीब हिंदुओ को उनके लिए पक्का घर, बच्चों को शिक्षा, युवाओं को रोजगार मिले।

इससे पहले प्रवीण तोगड़िया महाहरधाम पहुंचकर सबसे पहले भगवान शिव जी के दर्शन पूजन किए तत्पश्चात लोगो को संबोधित किया।रात्रि प्रवास नसीरुद्दीनपुर में दुर्गेश श्रीवास्तव के यहां था।

जहा से गाड़ियों के काफिले के साथ पुलिस सुरक्षा के बीच प्रवीण तोगड़िया महाहर धाम पहुंचे। इस दौरान संयुक्त राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव, महाहर मंदिर समिति के सचिव वीरेंद्र नागेश सिंह धर्मेंद्र सिंह मुन्ना सिंह विपिन सिंह,आशुतोष सिंह, शशिधर सिंह,वैभव सिंहासन यादव रवि प्रकाश सिंह तापी सुनील जायसवाल अर्जुन यादव नंदलाल सिंह सुनील जायसवाल रितेश सिंह अखिलेश यादव प्रियांशु श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव धर्मेंद्र अंशु गौतम प्रदीप श्रीवास्तव जनरल लाल श्रीवास्तव रामाशंकर यादव राजेश सिंह ईश्वरा नंद शुक्ला अखिलेश राय अजय सिंह रमेश गुप्ता उपेंद्र सिंह संजीत तापी लल्लन मुकेश वर्मा प्रदीप सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या रोड पर सड़क किनारे वाहन खड़े मिले तो 500 का चालान

लखनऊ। अयोध्या रोड पर सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। अगर कोई गाड़ी खड़ी मिली तो उसका 500 रुपये का चालान किया जाएगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने ट्रैफिक पुलिस को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। पॉलीटेक्निक चौराहे से लेकर मटियारी तक व्यापारियों, राहगीरों की गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। इसे लेकर कई बार अभियान चलाया गया, पर अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते हुए अब सख्ती की गई है। अवध बस स्टेशन के पीछे से बसों के संचालन से कमता पर वाहनों के दबाव में कमी आई है। हालांकि, चिनहट चौराहे पर इनका दबाव बढ़ गया है। ऐसे में यातायात संचालित कराने के लिए पुलिसकर्मियों की जगह-जगह ड्यूटी लगाई गई है। मंडलायुक्त ने पीडब्ल्यूडी के अभियंता को पत्र लिखकर रोड सेफ्टी के इंतजाम करने के लिए कहा है। मड़ियांव से लेकर सीतापुर रोड पर टोल प्लाजा तक साइनेज, यूनिपोल ठीक कराने को कहा गया है। कोहरे को देखते हुए बैरियर पर रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश दिए हैं।

## राज्यस्तरीय महिला वॉलीबॉल 26 से

प्रखर डोभी जौनपुर। क्षेत्र मे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बंध माँ दुर्गा गर्ल्स कालेज मूर्खा (डोभी) जौनपुर माँ दुर्गा मेमोरियल तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता आगामी 26 जनवरी से शुरू होगी। कॉलेज प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 26 से 28 जनवरी तक होने वाली प्रतियोगिता में कई जिलों की टीम हिस्सा लेंगी। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से प्रतियोगिता को सफल बनाने में महिला खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने की अपील की है।

## फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने जरूरतमंदो में बांटा कंबल



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज स्थित ग्राम पंचायत जोगिया बारी में फरेंदा विधानसभा के विधायक वीरेंद्र चौधरी ने जरूरतमंदों में बांटा गया कंबल। बुधवार को सिख धर्म के दशवें गुरु खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर फरेंदा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल जोगियाबारी में बृद्धजन एवं अन्य जरूरत मन्द लोगों में कंबल वितरित कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा है सही मायनो में देश का विकास तब होगा जब हम किसी जरूरतमंद की मदद करगें किसी जरूरतमंद व गरीब को सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव के लिए वस्त्र दान सबसे बड़ा दान हैं । आज सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व है. वह सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर के पुत्र थे. इनका जन्म पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हुआ था. तभी से हर साल इस तिथि पर इनकी जयंती मनाई जाती है. इस दिन गुरुद्वारों में भव्य आयोजन कराए जाते हैं। गरीबों के लिए लंगर लगाये जाते हैं। हम सभी को ऐसे आदर्श महापुरुषों के रास्ते अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस दौरान डॉ अजय कुमार चौधरी, तहसीलदार फरेंदा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नारदमुनी, जिलाध्यक्ष (पिछड़ा प्रकोष्ठ) रामललित मौर्या, डॉ. रामनारायन चौरसिया, जिलासचिव हनुमान प्रसाद, जिलासचिव अमरमणि पासवान, समाज सेवी अरविंद मौर्या, पूर्व प्रधान राजेश मौर्या, पूर्व प्रधान सन्तराज यादव,श्री ज्ञानदास मौर्या सहित ग्रामवासी गण उपस्थित रहें।

## सड़क पर स्टंटबाजी करना पड़ा महंगा: रील बनाने के चक्कर में युवक पहुंचा हवालात




प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा द्वारा वर्तमान समय मे नवयुवको द्वारा सार्वजनिक स्थान व सड़क पर बाइक से स्टंटबाजी कर रील बनाने के प्रचलन के कारण राहगिरो को हो रही असुविधा व उनसे हो रही दुर्घटनाओ के मद्देनजर उन पर कार्यवाही करने के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के निर्देश के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नौतनवां जय प्रकाश त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष सोनौली श्री अभिषेक सिंह की अगुवाई में उ0नि0 गंगाराम यादव हमराह हे0का0 मनीष कुमार राय व का० धर्मेन्द्र कुमार द्वारा उक्त अभियान के क्रम में चौकी क्षेत्र खनुआ के ग्राम कैथवलिया उर्फ बरगदही से श्रवण साहनी पुत्र रामबरन उर्फ टेंगू साहनी निवासी ग्राम कैथवलिया उर्फ बरगदही थाना सोनौली जनपद महराजगंज उम्र करीब 24 वर्ष के द्वारा सड़क पर स्टंटबाजी करने व राहगिरो द्वारा मना करने पर ना मानने व जिससे राहगिरो को हो रही असुविधा होने व कोई अप्रिय घटना कारित होने की सम्भावना के सम्बन्ध में अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवही हेतु मा0 न्या0 नौतनवा भेजा गया व स्टंट करते समय प्रयोग किये जा रहे वाहन का M.V.Act के अन्तर्गत विभिन्न धाराओ मे चालान किया गया।

## कायस्थ महासभा ने मनाई महाकवि, गीतकार हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वावधान में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उनके चंदन नगर स्थित आवास पर महाकवि एवं गीतकार हरिवंश राय बच्चन जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार का आयोजन किया गया। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी पदाधिकारियों ने हरिवंश राय बच्चन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने हरिवंश राय बच्चन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का महान कवि एवं गीतकार बताया। उन्होंने कहा कि बच्चन जी की रचनाएं मानवीय संवेदनाओ से भरी पड़ी है। उन्होंने कहा कि उनकी रचनाओं में जीवन, उत्साह, उम्मीद और आत्मबल है। उनकी कवितायें घोर निराशा के क्षणों में एक उम्मीद जगाने के साथ साथ रोशनी के किरण की तरह हमें रास्ता दिखाती है। इस विचार एवं काव्य गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रेम कुमार श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, अमर सिंह राठौर, अमरनाथ श्रीवास्तव ,अजय कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव,अतुल कुमार सिन्हा, ए.के .सिन्हा, अनूप श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव और संचालन जिला महामंत्री अरुण सहाय ने किया।

## प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने का मिल रहा गौरव : अभय प्रताप

### रामपुर बरहन में आयोजित समारोह में अभय प्रताप का भव्य स्वागत



प्रखर कुशीनगर। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने का गौरव हम लोगों सभी को पुण्य की तरह मिल रहा है। भगवान श्रीराम सर्वकालिक, सर्व ग्राह्य और हम सभी के आर्दश पुरुष हैं। जिनके पदचिन्हों का अनुसरण करने से जीवन धन्य हो जाता है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही राम राज्य लाया जा सकता है। उक्त बातें अध्यक्ष श्रम पंजीयन अंशदान एवं नवीनीकरण समिति व बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह ने देवरिया लोकसभा के गांव राम पुर बरहन दरोगा डीह में आयोजित श्री रामोत्सव समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कही। आगे कहा कि पांच सौ वर्षों बाद भव्य राम मंदिर का सपना साकार हुआ है। 22 जनवरी को इस पुनीत अवसर पर रामोत्सव अपने घरों में धूमधाम से मनाएं और हर घर में खुशी के दीप जलाएं। आगे श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार जन जन का विकास कर रही है। जनकल्याणकारी योजनाएं बिना भेद पात्रों को दिलाया जा रहा है। विकास व योजनाओं से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहेगा। इस अवसर पर जरूरतमंदों में श्री सिंह के सहयोग से कंबल बितरित किया गया। आयोजक पूर्व छात्र नेता अनुज सिह ने मुख्य अतिथि श्री सिंह, व एबीपीएसएस प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह का माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। गायक वैभव पाण्डेय के राम आ रहे हैं गीत पर लोग झूम उठे। समारोह में चंद्रशेखर सिंह, मोहन सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, केदार चौहान, योगेन्द्र पटेल, श्रीनिवास कुशवाहा, सुनील गोंड, सिराज भाई सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

## 3 सालों में 100 से ऊपर बच्चों का हो चुका है क्लब फुट का इलाज और ऑपरेशन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट एक गैर-लाभकारी संगठन है जो भारत में क्लबफुट को खत्म करने के लिए समर्पित है। बुधवार को मेडिकल कॉलेज स्थित जिला अस्पताल में अनुष्का फाउंडेशन, कोटक एसेट मैनेजमेंट के सीएसआर इनिशिएटिव के सहयोग से 4 बच्चों का क्लब फुट के तहत सफल ऑपरेशन (टेनोटोमी) एवं इलाज किया गया। जनपद में चल रहे इस तरह के ऑपरेशन (टेनोटोमी) का अवलोकन करने के लिए डॉ शुभलाल देवरिया से गाजीपुर जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर पिछले कई बुधवार से क्लब फुट के तहत चल रहे इलाज एवं ऑपरेशन के तहत 25 बच्चों का अवलोकन किया। मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ के के यादव ने बताया कि इस तरह के क्लब फुट का ऑपरेशन एवं इलाज पिछले 3 सालों से चल रहा है। अब तक करीब इस कार्यक्रम के तहत करीब 100 से ऊपर बच्चों का क्लब फुट के तहत ऑपरेशन एवं इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि दो बच्चो का टेनोटोमी तथा दो बच्चो का प्लास्टर एवम् 21 बच्चो का इलाज का अवलोकन करने के लिए देवरिया के डॉ शुभलाल आज गाजीपुर आए हुए थे जो की पॉन्सेटी मेथड के ट्रेनर है उन्होंने सभी बच्चों का अवलोकन किया जो कि जूते (ब्रेस) पहन रहे है अब तक गाजीपुर क्लब फुट क्लिनिक पर 100 से ऊपर बच्चो का इलाज किया जा चुका हैं। मेडिकल कॉलेज गाजीपुर के डॉ सतीश सिंह ने बताया की क्लबफुट, एक जन्म दोष जिसमें एक या दोनों पैर अंदर की ओर मुड़े होते हैं, बच्चों में विकलांगता का एक प्रचलित कारण है, जो भारत में सालाना 800 नवजात शिशुओं में से 1 को प्रभावित करता है। हमारे देश में हर साल 33,000 बच्चे क्लबफुट के साथ पैदा होते हैं। उचित उपचार के बिना, क्लबफुट वाले बच्चों को स्थायी विकलांगता का सामना करना पड़ता है। अनुपचारित क्लबफुट बेहद दर्दनाक हो सकता है, और प्रभावित बच्चों में भेदभाव, उपेक्षा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, अशिक्षा और शारीरिक और यौन शोषण का खतरा अधिक होता है। सौभाग्य से, पोन्सेटी विधि, एक न्यूनतम लागत की स्वर्ण मानक प्रक्रिया है जो एक प्रभावी समाधान प्रदान करती है। कार्यक्रम का उद्देश्य जिला अस्पतालों / मेडिकल कॉलेज में आर्थोपेडिक डॉक्टरों की क्षमता बढ़ाकर स्थानीय उपचार प्रदान करना है। अनुष्का फाउंडेशन देश के हर जिले में क्लबफुट कार्यक्रम लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हर बच्चे को इलाज तक पहुंच मिल सके। एएफईसी पूरे भारत में 10 राज्यों और 137 जिलों में क्लबफुट कार्यक्रम संचालित करता है, इसकी स्थापना के बाद से इसमें 12,000 से अधिक बच्चे नामांकित हैं। क्लबफुट क्लिनिक पर सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान ब्रांच मैनेजर अनुष्का फाउंडेशन भूपेश सिंह तथा आनन्द विश्वकर्मा ज़िला समन्वयक गाजीपुर क्लब फुट कार्यक्रम आदी लोग उपस्थित रहे।

## महिन्द्रा एक्सयूवी कार व साढ़े 47 किलो नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानियाँ के कुशल निर्देशन में गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक जमानियां व एसओजी टीम द्वारा मय हमराहियान अभईपुर मोड़ के पास चेकिंग के दौरान समय करीब साढ़े नौ बजे अभियुक्त पाटिल विजय भास्कर पुत्र पाटिल थिप्पा रेड्डी निवासी कादालुरु थाना डी हीरेहाल, जनपद अनन्त पुरम राज्य आन्ध्रप्रदेश उम्र करीब 40 वर्ष गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद चार पहिया महिन्द्रा एक्सयूवी 500 वाहन व उसमे रखा 47.500 किग्रा नाजायज गांजा बरामद किया गया जिसके सम्बंध में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मै बीएसएफ मे वर्ष 2003 मे आरक्षक पद पर नियुक्त हूं। वर्तमान मे मेरी नियुक्ती 9वीं बटालियन अल्फा कम्पनी हिसार हरियाणा मे है। इस समय मै छुट्टी पर हूँ। पैसे की लालच मे आन्ध्रप्रदेश व उड़ीसा से सस्ते दर पर गांजा खरीद कर मैं अपनी गाड़ी से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल व बिहार प्रान्त मे ऊँचे दामो पर बेचता हूँ जिसमे मुझे काफी आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। इस कार्य को तीन से चार बार कर चुका हूँ। इस बार मै बिहार की तरफ गांजा ले जा रहा था कि आप लोगो द्वारा मुझे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में श्यामजी यादव प्रभारी निरीक्षक थाना जमानियाँ मय टीम जनपद गाजीपुर, रामआश्रय राय प्रभारी स्वाट मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सृजन सामाजिक विकास न्यास के सौजन्य से 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया स्वच्छता अभियान एवं बाटा कंबल



प्रखर वाराणसी। हिमांशु नागपाल आईएएस मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी के दिशा निर्देश में सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौध रोपण के तहत उनके संयोजन में आज प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा गोद लिए ग्राम सभा कुरहुआ में स्वच्छता अभियान चलाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी जिले के CDO हिमांशु नागपाल जी थे, उनके साथ गंगा समग्र के युवा वाहिनी के प्रांतीय अध्यक्ष सौरभ सिंह पटेल (चिंटू) जी , 95 बटालियन के अनिल कुमार दिशा निर्देश में निरीक्षक प्रिंस सिंह, प्रवीण सिंह व 95 की टीम, प्रांजल मिश्रा जी, राहुल पटेल जी,काशी विद्यापीठ के बीडीओ ग्राम सभा के प्रधान जी, और बड़ी संख्या में गंगा समग्र के कार्यकर्ता, सृजन संस्था के सदस्य, और 95 बटालियन के सम्मानित अधीनस्थ अधिकारी व जवान, व ग्रामीण बंधु उपस्थित थे, स्वच्छता कार्यक्रम के उपरान्त कुरहुआ ग्राम पंचायत भवन पर माननीय मुख्य अतिथि के द्वारा सृजन संस्था के तत्वावधान में ग्रामीण महिलाओ को कंबल वितरण भी किया गया, माननीय मुख्य अतिथि जी द्वारा मोदी जी द्वारा हो रहे विकास कार्यो को और उनके द्वारा चल रहे योजनाओं को बताया गया,सामजिक संस्था सृजन के संयोजक आदरणीय अनिल सिंह जी द्वारा माँ गंगा को स्वच्छ रखने का व अपने गांव को भी स्वच्छ रखने का सभी को शपथ भी दिलवाया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस के सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन पर चला सघन चेकिंग अभियान



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश पर दिनांक 17/01/2024 को आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीरामलला मूर्ति स्थापना (प्राण प्रतिष्ठा), 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) पर्वों के दृष्टिगत अतीश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक महाराजगंज के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह जीआरपी थाना आनंद नगर व प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह थाना फरेंदा, आरपीएफ, क्यूआरटी टीम, डाग स्क्वायड, एलआईयू की संयुक्त पुलिस बल द्वारा रेलवे स्टेशन आनन्दनगर के सकुर्लेटिंग एरिया, प्रवेश द्वार, प्लेटफार्मों,टिकट घर, यात्री प्रतीक्षालयों व ट्रेनों के अंदर संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व ज्वलनशील पदार्थों की सघन चेकिंग करने के साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया में खड़े वाहनों की चेकिंग तथा यात्रियों से यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने के संबंध में बताया गया तथा अधिकारी एवं कर्मचारी गण को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी दी गई।

### करण्डा पुलिस ने किया आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित एक अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक करण्डा के मार्गदर्शन मे बुधवार को चाडीपुर तिराहा के पास अभियुक्त प्रेम लाल कुमार पुत्र मोती सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा थाना-सेमरा जनपद रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 0.315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद किया गया। गुरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजित राम यादव, कांस्टेबल अश्वनी कुशवाहा, कांस्टेबल राजकुमार भारतीया शामिल रहे।

### 20 जनवरी तक भीषण शीतलहरी की वजह से बन्द रहेगें सभी आंगनवाड़ी केन्द्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।जनपद में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा चलने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में प्री प्राइमरी स्कूल 3 साल से 6 साल के बच्चों के लिए चलाया जाता है। मौजूदा समय में भीषण शीत लहरी को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर 20 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि जनपद के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल के विद्यालयों में चलते हैं। जिसे पूर्व में जिलाधिकारी के आदेश पर 17 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन अब एक बार फिर से भीषण शीतलहरी को देखते हुए इस अवकाश को 20 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवकाश के दिनों मे सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपने निर्धारित समय से केंद्र पर उपस्थित रहकर शीतकालीन अवधि में विभागीय कार्यों का संपादन करेंगी। जैसे टेक होम, राशन का वितरण, समुदायिक गतिविधियां, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस तथा पोषण ट्रेकर से संबंधित समस्त कार्यों व अन्य शासकीय कार्यों का निर्वहन पूर्व की भांति करती रहेंगी।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं